


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 137 | ग्वालियर मंगलवार, 07 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### निवेशकों ने खेली बाजार में तेजी की होली




शेयर बाजार में निवेशकों ने तेजी की जबरदस्त होली खेली. आईटी और बैंकिंग स्टॉक्स में खरीदारी के चलते शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 451 अंकों की तेजी के साथ 60,266 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 127 अंकों के उछाल के साथ 17,718 अंकों पर बंद हुआ है. मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार होली की छुट्टी के चलते बंद रहेंगे. बुधवार को बाजार खुला रहेगा. हालांकि देश के कई राज्यों में बुधवार को ही होली का पर्व है. आज के कारोबारी सत्र में रियल एस्टेट और सरकारी बैंकों के इंडेक्स को छोड़ दें तो सभी सेक्टर के शेयर में तेजी देखने को मिली है. बैंकिंग, आईटी, ऑटो, फार्मा, मेटल्स. एनर्जी, इंफ्रा, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेलब्स, एफएमसीजी और हेल्थकेयर सेक्टर के स्टॉक्स शानदार तेजी के साथ बंद हुए. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 25 शेयर तेजी के साथ तो केवल 5 शेयर गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 38 शेयर तेजी के साथ जबकि 12 गिरकर बंद हुए. आज के ट्रेड में अडानी इंटरप्राइजेज 5.50 फीसदी, टाटा मोटर्स 2.83 फीसदी ओएनजीसी 2.56 फीसदी, एनटीपीसी 2.43 फीसदी, पावर ग्रिड 2.27 फीसदी, इंफोसिस 1.90 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.88 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. गिरने वाले शेयरों में ब्रिटैनिया 2.09 फीसदी, टाटा स्टील 1.26 फीसदी, जेएसडब्ल्यु 1.18 फीसदी, हिंडाल्को 0.58 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है. भारतीय शेयर बाजार में तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में शानदार उछाल आया है. आज के ट्रेडिंग सेशन में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़कर 265.49 लाख करोड़ रुपये रहा है जबकि शुक्रवार को 263.34 लाख करोड़ रुपये रहा था. यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2.15 लाख लाख करोड़ रुपये का उछाल आया है.

### आने वाली है रिटेल पॉलिसी, ट्रेडर्स का कारोबार आसान बनाने के लिए सरकार की बड़ी तैयारी



केंद्र सरकार की ओर से कारोबारियों के लिए अच्छी खबर आ रही है. सरकार की जल्द ही रिटेल ट्रेड पॉलिसी लाने की योजना है जिसके जरिए मुख्य रूप से फिजिकल स्टोर वाले रिटेल कारोबारियों के लिए कारोबार करना आसान हो जाएगा. केंद्र सरकार की ओर से एक सीनियर अधिकारी ने ये जानकारी दी है. डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के जॉइंट सेक्रेटरी संजीव ने कहा है कि इस रिटेल ट्रेड पॉलिसी के जरिए व्यापारियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मिल पाएगा और ट्रेडर्स को ज्यादा क्रेडिट या कर्ज मिलने में आसानी होगी. जहां एक तरफ फिजिकल स्टोर्स वाले कारोबारियों के लिए सरकार की रिटेल ट्रेड पॉलिसी लाने की योजना है, वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार इसके साथ ही ऑनलाइन रिटेलर्स के लिए ई-कॉमर्स पॉलिसी लाने पर भी काम कर रही है. एफएमसीजी और ई-कॉमर्स को लेकर हुई एक प्रेस-कॉन्फ्रेंस में डीपीआईआईटी के सचिव संजीव ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि ई-कॉमर्स के साथ-साथ रिटेल ट्रेडर्स के लिए भी ऐसी नीति लाई जाए जिससे दोनों सेगमेंट के बीच तारतम्य और संतुलन बना रहे. इसके अलावा डिपार्टमेंट की ये भी तैयारी है कि सभी रिटेल ट्रेडर्स के लिए एक ऐसी इंश्योरेंस स्कीम लाई जाए जो उनके जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए काम आ सके. साथ ही एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम भी लाने की योजना है जिसका फायदा खासतौर पर देश के छोटे कारोबारियों को मिल सकता है. इकनॉमिक टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक ये जानकारी मिली है. डीपीआईआईटी के जॉइंट सेक्रेटरी ने इस बात पर जोर दिया कि इंडस्ट्री को देश में हाई क्वालिटी प्रोडक्ट्स बनाने पर जोर देना चाहिए.

### पिता अतीक अहमद के दहशत के कारोबार की संभाली कमान

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक असद अहमद नाम के शख्स के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं था. लेकिन, 24 फरवरी, 2023 को यूपी के प्रयागराज की एक व्यस्त सड़क पर दिनदहाड़े उमेश पाल की



हत्या करने वाले आधा दर्जन शूटरों का नेतृत्व करने के बाद असद अहमद अब यूपी का मोस्ट वांटेड अपराधी है. पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश कर रही हैं, जबकि दो अन्य शूटरों की मौत पुलिस एनकाउंटर में हो चुकी है. पहला एनकाउंटर अरबाज और दूसरा एनकाउंटर उस्मान नाम के आरोपी का हुआ है. शक जताया जा रहा है कि उमेश पाल की हत्या करने के बाद असद नेपाल भाग गया है. फिलहाल, यूपी पुलिस ने उसकी तलाश में बड़ी छापेमारी शुरू कर दी है. बाहुबली माफिया अतीक अहमद का तीसरा बेटा असद अहमद है. अपने दो बड़े भाइयों के अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद पिछले अगस्त में अतीक के खूंखार गिरोह की बागडोर असद ने संभाली थी. यूपी पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, असद लखनऊ से काम करता था और यहीं से उसने एक टॉप स्कूल से 12वीं कक्षा पास की थी, लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए विदेश नहीं जा सका क्योंकि उसके परिवार के आपराधिक इतिहास के कारण उसका पासपोर्ट क्लियर नहीं हुआ था.

### दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी

# अर्थव्यवस्था बन सकता है भारतः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार (6 मार्च) को गुजरात के रोजगार मेले को वर्चुअली संबोधित किया. पीएम ने कहा कि आज के इस आयोजन से हजारों परिवारों के लिए होली के इस महत्वपूर्ण त्योहार की खुशी कई गुना बढ़ गई है. कुछ ही समय के भीतर गुजरात में दूसरी बार रोजगार मेले का आयोजन हो रहा है. मैं मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई और उनकी टीम को इस कार्य के लिए बहुत बहुत बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि मैं उन सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं, जिन्हें आज रोजगार पत्र सौंपे जा रहे हैं. मेरा दृढ़ विश्वास है कि युवा नए अवसरों का लाभ उठाकर अमृत काल के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करेंगे. भारत अपने युवाओं को कुशल बनाकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है. पीएम ने आगे कहा कि गुजरात में पिछले पांच सालों में 1.5 लाख सरकारी नौकरियां दी गई हैं. इसके अलावा गुजरात के 18 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार कार्यालय के माध्यम से अवसर प्रदान



किया गया है. गुजरात के दाहोद में हमने 20,000 करोड़ रुपये के निवेश से रेल इंजन का कारखाना शुरू किया है. गुजरात सेमीकंडक्टर्स का हब भी बनने जा रहा है और इन परियोजनाओं से रोजगार के हजारों अवसर मिलेंगे. स्टार्टअप का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि हमारे पास देश में 90,000 से अधिक स्टार्टअप हैं और अधिकांश टियर-और टियर-शहरों से हैं. मुझे खुशी है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार के सभी विभाग और एनडीए की राज्य सरकारें लगातार काम कर रही हैं. लगातार रोजगार मेले का आयोजन हो रहा है. हमने गुजरात में आईटीआई सीटों में वृद्धि की है. उन्होंने कहा कि अकेले गुजरात में 2 लाख से अधिक सीटें युवाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर रही हैं और इन कार्यक्रमों को उद्योग की मांग के अनुसार अपडेट भी किया गया है. करोड़ों महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़कर अपने पैरों पर मजबूती से खड़ी हो रही हैं. सरकार इन महिलाओं को सैकड़ों करोड़ रुपये की आर्थिक मदद भी दे रही है. ये महिलाएं आज अपने परिवार की आर्थिक व्यवस्था का नेतृत्व कर रही हैं.

## मेघालय में संगमा सरकार की राह मुश्किल

**नई दिल्ली।** मेघालय की राजनीति में दिलचस्प सियासी मोड़ आ गया है, जिसके बाद कोनराड संगमा की सरकार बनाने की राह मुश्किल होती नजर आ रही है. कोनराड संगमा की नेशनल पीपल्स पार्टी को समर्थन देने वाली स्थानीय पार्टी के दो विधायकों ने सरकार बनाने का समर्थन दिया था लेकिन कुछ ही देर में पार्टी ने समर्थन से इनकार कर दिया. शुक्रवार (3 मार्च) को कोनराड संगमा ने राज्य के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया था. एनपीपी नेता ने राज्य के 32 विधायकों के समर्थन का हस्ताक्षरित पत्र राज्यपाल को सौंपा था. राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 31 विधायकों की जरूरत है.

संगमा ने जिन 32 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा था उसमें एनपीपी के 26 विधायक, बीजेपी के 2, हिल स्टेट पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के 2 और दो निर्दलीय विधायकों के हस्ताक्षर थे. पत्र सौंपने के बाद कोनराड संगमा ने कहा था कि हमारे पास पूर्ण बहुमत है. बीजेपी ने पहले ही



अपना सपोर्ट दिया है. कुछ दूसरों ने भी अपना समर्थन हमें सौंपा है. शुक्रवार दिन में समर्थन पत्र सौंपने के कुछ ही देर बाद देर शाम को एचएसपीडीपी ने एक पत्र से सियासी तस्वीर बदल गई. इस पत्र में एचएसपीडीपी ने कहा कि उसने अपने विधायकों को एनपीपी के नेतृत्व वाली सरकार गठन को समर्थन देने के लिए अधिकृत नहीं किया है. रिपोर्ट के मुताबिक एचएसपीडीपी के अध्यक्ष केपी पांगनियांग और सचिव पनबोरलंग रिनथियांग ने एनपीपी अध्यक्ष कोनराड संगमा को लिखे पत्र में कहा है कि एचएसपीडीपी ने आपकी सरकार के गठन के लिए समर्थन देने के लिए दो विधायकों- मेथोडियस डखार और शाक्लियर वारजरी को अधिकृत नहीं किया. पार्टी (एचएसपीडीपी) की इस मामले में कोई भूमिका नहीं है और इसलिए आपकी पार्टी से अपना समर्थन वापस लेती है, जो आज (शुक्रवार) से ही प्रभावी होगा. इसकी एक प्रति राज्यपाल को भी भेजी है.

### मुस्लिम जोड़े ने मौलवी की मौजूदगी में मंदिर में किया निकाह

हिमाचल प्रदेश में एक मुस्लिम जोड़े ने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की है. शिमला जिले के रामपुर में इस जोड़े ने ठाकुर सत्य नारायण मंदिर परिसर में शादी की. इस मंदिर को विश्व हिंदू परिषद चलाता है. इतना ही नहीं हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समुदाय इस शादी के गवाह भी बने. इस मौके पर मौलवी ने निकाह कराया और वकील भी मौजूद थे. अब ये शादी चर्चा का विषय बनी हुई है. इस्लामिक जोड़े का मंदिर परिसर में शादी करने का मुख्य उद्देश्य समाज के बीच में रह रहे अलग-अलग धर्मों के लोगों में धार्मिक सौहार्द पैदा करना था. सत्यनारायण मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का जिला कार्यालय भी स्थित है. दोनों संगठनों की ओर से सत्यनारायण मंदिर का संचालन किया जाता है. मंदिर ट्रस्ट रामपुर के महासचिव विनय शर्मा ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस पर अक्सर मुस्लिम विरोधी होने के आरोप लगते रहे हैं.

## दलितों में पैठ बनाने के लिए बीजेपी चलाने जा रही है बड़ा अभियान

**नई दिल्ली।** साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है. इस आम चुनाव को जीतने के लिए सभी पार्टियां अपनी तरफ से तैयारियों में लगी हुई हैं. इसी क्रम में बीजेपी साल 2019 में मिलीं सीटों के रिकॉर्ड को तोड़ना चाहती है. इसके लिए पार्टी घर-घर जोड़ो चुनावी अभियान शुरू करने जा रही है. इस अभियान के तहत बीजेपी दलितों और अनसूचित जातियों पर फोकस करेगी. देश में 17 प्रतिशत वोटर इस आबादी से आते हैं और पार्टी इस पर नजर बनाए हुए है. पार्टी 14 अप्रैल से 5 मई तक देश में इस अभियान को चलाएगी जिसके तहत बीजेपी नेता दलितों की बस्तियों में प्रवास करेंगे. दरअसल, 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती है और 5 मई को बुद्ध जयंती है. इस दौरान केंद्र की सत्ता में काबिज पार्टी घर-घर जोड़ो अभियान चलाएगी. इस अभियान के जरिए, सरकारी योजनाओं के लाभ से



वंचित दलित परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाएगी. इस अभियान का समापन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया जाएगा और इस दौरान एक भव्य कार्यक्रम भी रखा गया है. इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी दलित समुदाय को संबोधित कर सकते हैं. देश में लोकसभा की 131 सीटें रिजर्व हैं. जिसमें 84 अनसूचित जाति और 47 अनसूचित जनजाति के लिए हैं. एक समय में इन दलित बहुल वाली सभी सीटों पर कभी कांग्रेस तो कभी बहुजन समाज पार्टी या फिर कभी अन्य पार्टियों का कब्जा हुआ करता था लेकिन 2019 में नरेंद्र मोदी के नाम की ऐसी आंधी चली कि 2014 के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए बीजेपी ने 77 रिजर्व सीटों पर कब्जा कर लिया. वो भी तब जब विपक्षियों ने बीजेपी को दलित विरोधी पार्टी का आरोप लगाया. सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटी यानि सीएसडीएस के मुताबिक, साल 2014 में कांग्रेस को 18.5 प्रतिशत वोट से संतोष करना पड़ा था. वहीं, अपने आप को दलितों की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली बहुजन समाज पार्टी को 13.9 प्रतिशत मिला था. वहीं, बीजेपी को कुल वोट का करीब 24 प्रतिशत वोट मिला था. वहीं, अगर सीएसडीएस लोकनीति के सर्वे की बात करें तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बैकवर्ड कास्ट के वोटिंग पर्सेंटेज में बीजेपी को फायदा हुआ है. जो 24 प्रतिशत से 42 प्रतिशत तक पहुंचा है. इसके अलावा, 2014 से 2019 के बीच दलित वोट 24 प्रतिशत से 34 प्रतिशत तक बीजेपी को मिला है.

## कन्या विवाह के लिए अब दिए जाएंगे 50 हजार

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बतौर वित्त मंत्री अपने कार्यकाल का पांचवा बजट पेश किया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 लाख 21 हजार करोड़ का बजट विधानसभा में पेश किया है. ये राज्य गठन के बाद सबसे अहम बजट है. इस साल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोई नया टैक्स नहीं लगाया है और न कोई टैक्स में वृद्धि की गई है. कुल मिलाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट में राज्य के लोगों के लिए 17 बड़ी घोषणाएं की गई है. राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना को इस साल ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ नगर पंचायत क्षेत्र के लिए भी विस्तार किया जाएगा. शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की नवीन योजना शुरू की जायेगी. रोजगार और पंजीयन केन्द्र में पंजीकृत कक्षा 12वीं पास 18 से 35 वर्ष के युवा, जिनके परिवार की वार्षिक आय 02 लाख 50 हजार से कम होगी, उन्हें अधिकतम 02 साल तक 2500 रुपए प्रति माह की दर से बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा. इसके लिए 02 सौ 50 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान. निराश्रितों बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत दी जाने वाली मासिक पेंशन की राशि 350 रुपए से बड़ाकर 500 रुपए प्रति माह की जाएगी. महिलाओं, बच्चों के पोषण और टीकाकरण के लिए प्रदेश भर में संचालित 46 हजार 660 आगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली मासिक मानदेय की राशि 06 हजार 500 रुपए प्रति माह से बड़ाकर 10 हजार रुपए प्रति माह की जाएगी. आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 03 हजार 250 रुपए से बड़ाकर 05 हजार रुपए प्रति माह किया जाएगा. मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 04 हजार 500 रुपए से बड़ाकर 07 हजार 500 रुपए प्रति माह किया जाएगा. गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहन से लेकर स्वास्थ्य विभाग की हर छोटी-बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने वाली मितानिन बहनों को पहले से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त राज्य मद से 2200 रुपए प्रति माह की दर से मानदेय दिया जाएगा. ग्राम कोटवारों को सेवा भूमि के आकार के अनुसार अलग-अलग दरों पर मानदेय दिया जाता है. पहले प्रचलित मानदेय की राशि 2250 रूपए को बड़ाकर 03 हजार रूपए, 3375 रूपए को बड़ाकर 04 हजार 500 रूपए, 4050 रूपए को बड़ाकर 5500 रूपए और 4 हजार 500 रूपए को बड़ाकर 06 हजार रूपए प्रति माह किया जाएगा. ग्राम पटेल को दिये जा रहे 02 हजार रूपए मासिक मानदेय की राशि को बड़ाकर 03 हजार रूपए किया जाएगा. मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों में दोपहर का भोजन बनाने वाले रसोईयों को दी जा रही मानदेय की राशि रूपये 1500 रुपए को बड़ाकर 1800 रुपए प्रति माह किया जाएगा.

## नगालैंड के युवाओं के सामने सर्केस्टिक हुए शशि थरूर



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर हाल ही में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारक के रूप में नगालैंड में थे. थरूर का नगालैंड के युवाओं के साथ बातचीत का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. इसमें एक महिला थरूर की तारीफ करते हुए उनसे सवाल कर रही हैं कि आखिर कोई व्यक्ति इतना अच्छा दिखने वाला और बुद्धिमान कैसे हो सकता है. अब इसके जवाब का ही वीडियो लोगों को खूब पसंद आ रहा है. दरअसल, थरूर नगालैंड के युवाओं से बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान एक महिला ने उनकी खूब तारीफ की. इसपर थरूर जवाब दिया कि आप बहुत प्यारी, दयालु और उदार हैं. मैं केवल इतना कह सकता हूं कि ऐसी चीजें हैं जिनकी आप मदद नहीं कर सकते और ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के लिए आप खुद को बदल सकते हैं. उन्होंने मजाकिया तरह से कहा कि मैं बस इतना कह सकता हूं कि माता-पिता को बुद्धिमानी से चुनें. थरूर व्यंग्यपूर्ण तरीके से कह रहे हैं कि यह सब जीन में है, लेकिन बाकी सब पर आपको काम करना चाहिए. उन्होंने कहा कि पढ़ना-लिखना उनकी बचपन से ही आदत बन गई थी और अभी भी वह खूब पढ़ते हैं. अजनबियों के सामने बोलना आसान नहीं होता है लेकिन एक बार जब आप इसे आदत में डाल लेते हैं तो आत्मविश्वास अपने आप आ जाता है लेकिन आपको इसे करने का अभ्यास लगातार करना होगा. थरूर ने कहा आप केवल घर पर बैठकर शीशे के सामने अभ्यास नहीं कर सकते. आपको वास्तविक दर्शकों के सामने जाना होगा और वास्तविक लोगों से बात करनी होगी और देखना होगा कि वे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं. कभी-कभी यह काम करता है, कभी-कभी यह काम नहीं करता. कुछ चीजों पर आपको काम करते रहना जरूरी है क्योंकि कई बार आपको हार का सामना भी करना पड़ेगा और मायूस भी होना पड़ेगा.

## पुष्पांजली टुडे न्यूज परिवार ने होली की शुभकामनाएं दीं







दैनिक पुष्पांजली टुडे

***ग्वालियर।*** *पुष्पांजली टुडे न्यूज समूह के ग्वालियर ऑफिस पर मैनजमेंट की बैठक हुई, बैठक सम्पन्न होने के बाद उपस्थित मीडिया बन्धुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।पुष्पांजली टुडे ग्रुप ने सभी देशवासियों-प्रदेशवासियों-क्षेत्रवासियों को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि सभी लोग मिलजुल कर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए।कानून का सभी पालन करें।अपील में कहा है कि होली मेलजोल बढ़ाने का त्यौहार है, सभी प्रेमभाव से मिलकर होली का त्यौहार मनाए।*

# आजीविका मिशन से की शुरुआत और अपने सपनों को किया साकार

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-बी.सी सखी के रूप में रेखा लोधी का कार्य अनेक बाधाओं के बावजूद सफल रहा। रेखा को मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन की टीम और बेस्किस का पूर्ण सहयोग प्राप्त रहा। रेखा को समर्थन एवं मार्गदर्शन प्रदान करने में इन दोनों महत्वपूर्ण स्तंभों का सहयोग रहा। आजीविका मिशन के द्वारा वन जी.पी. वन बी.सी. कार्यक्रम अंतर्गत् बी.सी. सखी का चयन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक बी.सी. सखी तैनात कि गई हैं । इसके तहत मिशन द्वारा जनवरी तक 6,774 बी सी सखी एवं डिजिपे सखी को तैनात कर, बी सी सखी को अपना आउटलेट शुरू करने में सहयोग प्रदान किया। सुश्री रेखा लोधीए ग्राम-बडेरा, विकासखंडः-पिछोर, जिला शिवपुरी, पति-रामचरण लोधी, उम्र- 27 वर्ष, शिक्षा- स्नातक का भी चयन 2017 में किया गया था। रेखा के परिवार में कुल 03 सदस्य हैं। मोबाइल नंबर-6261978273/8463063659, सुश्री रेखा ने बी सी सखी के कार्य को और ज्यादा बढाने के लिए, बी सी सखी से प्राप्त आय का ही उपयोग किया और इससे उसने न केवल एक बार बल्कि दो बार अधयद्तन लेपटेप, प्रिंटर एवं नया स्मार्ट मोबाईल फोन खरीदा। स्नातक होने के बाद भी वह अपने को और अधिक शिक्षित करने के लिए एक और स्नातक डिग्री लेने का प्रयास कर रही हैं। अपनी आय के अतिरिक्त स्त्रोत को बढाने के लिए रेखा ए.एन.एम हेतु एक लाख की फीस और रूपए 15,000 का स्वयं का बीमा बी.सी. सखी के कार्य करने के कारण कर सकी। रेखा आज वित्तीय रूप से सक्षम होने के साथ ही सशक्त एवं आत्म निर्भर महिला हैं, जिसका सारा श्रेय रेखा सहर्ष आजीविका मिशन को देती हैं।

**उपलब्धियाँ**-रेखा का बडेरा गाँवए मध्यप्रदेश में शिवपुरी जिले से 80 कि.मी. की दूरी तथा पिछोर विकासखण्ड से 17 कि.मी. की दूरी में स्थित है। गाँव की जनसंख्या 3968 हैए जिसमें 867 परिवार




निवासरत हैं । गाँव से मध्यांचल बैक की दूरी 05 कि.मी. हैं तथा आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र पिछोर है। बडेरा गॉव का लिंग अनुपात 897 हैं, मध्यप्रदेश के औसत लिंग अनुपात 931 से कम हैं। पिछोर विकासखण्ड आर्थिक गतिविधियों व बाजार हेतु जाया जाता हैं। रेखा 18 वर्ष की आयु में ए एन एम का कार्य करती थी। 2014 वर्ष में रेखा के ए.एन.एम के कार्य अवधि समाप्त हो गई थी, जिससे घर का सारा खर्च पति एवं ससुर की कमाई से चलाना पडता था। फिर रेखा ने गॉव कि महिलाओं से चर्चा कर 2017 में मिशन द्वारा गठित श्लक्ष्मी स्वयं सहायता समूहश् से जुडने का निश्चय किया। समूह में सम्मिलित होने के लिए परिवार ने मना कर दिया पर वह अपनी इच्छा शक्ति से शामिल हुई तथा 2017 में बी सी सखी की जानकारी समूह से प्राप्त हुई। बी.सी. सखी बनने हेतु पति ने मना कर दिया। दोबारा फिर अपनी दृढ इच्छा शक्ति के कारण परिवार के खिलाफ जा कर बी.सी. सखी का कार्य करना शुरू किया। जिससे उसे प्रारंभ में परिवार का सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। रेखा को न तो बैंक के कार्यो की जानकारी थी न ही बी.सी. सखी के कार्य की। निरंतर प्रशिक्षण एवं सहायोग के कारण रेखा में बी सी सखी के कार्य की समझ विकसित हुई और बी.सी. सखी के प्रशिक्षण के साथ ही कम्प्यूटर की तकनीकी समस्याओं हेतु ई-दक्ष से कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिससे उसकी तकनीकी समस्याओं का भी समाधान हो गया और और उसने बी.सी. सखी का कार्य प्रारंभ किया। बी.सी. सखी के कार्य के शुरूआती समय में रेखा को अत्यधिक समस्याएँ आई ;जैसेः- परिवार, बैंक और तकनीकी/गैर तकनीकी समस्या इत्यादि द्ध। रेखा ने गॉव-गॉव जा कर लोगों से मिलकर वित्तीय एवं गैर वित्तीय सेवाएँ उनके घर तक पहुँचाने का कार्य किया। नियमित रूप से लोगो एवं संगठनों से मिलती रहीं जिससे रेखा ने लोगों का विश्वास अर्जित किया। कोविड-19 के समय मे भी रेखा ने लोगों को घर पहुँच सेवा प्रदान की। जिसके कारण यह आज 20-25 गॉवों तक अपनी सेवाएँ दे पा रही है । आज रेखा औसत 578 लोगो की, औसत रूपए 25 लाख की वित्तीय लेन-देन कर रही है। प्रति माह लेन-देन कर औसत रूपए 5,364 की आय अर्जित कर रही हैं जो कि प्रदेश के डिजिटल क्रांति का उत्कृष्ट उदाहरण है। वह अपनी बी.सी. सखी के कार्य को आगे बढाने के लिए नई तकनीक सिखना चाहती हैं और शिक्षा भी प्राप्त करना चाहती है । जिससे वह और अधिक जानकारी प्राप्त कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को डिजिटल लेन-देन हेतु जोड सके और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। रेखा की सफलता में एमपीडे-एस.आर.एल.एम एवं बेसिक्स लिमिटेड का पूर्ण सहयोग रहा। बेसिक्स की राज्य एवं संकुल स्तरीय टीम बी.सी. सखी के चयन प्रकिया में शामिल रही, उन्मुखीकरण, पुनश्चर्या प्रशिक्षण ;त्मतिमेीमत ज्तंपदपदहद्ध एवं आय वृद्धि के प्रशिक्षण प्रदान किए। साथ ही बेसिक्स ने नियमित रूप से तकनीकी एवं गैर तकनीकी समस्याओं का समाधान किया तथा नवीन तकनीकों की जानकारी से उमा को अवगत कराते हुए, हैंडहोल्डिंग समर्थन प्रदान करते रहें ।

## गरियाबंद जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्यों का हाल बेहाल, अफसर नहीं दे रहे हैं ध्यान, हजारों ग्रामीण परेशान

### घुमरापदर से खोखमा ध्रुर्वागुडी 23 किलोमीटर सडक निर्माण कार्य, अवधि पूर्ण होने के बाद भी नही हुआ पूरा






**गरियाबंद** जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यो की घटिया गुणवत्ता किसी से छिपा नही है, कुछ वर्ष पहले निर्माण किये गये सडक भारी भ्रष्टाचार के चलते समय से पहले ही उखड चुके है और जो निर्माण कार्य चल रहा है उसके गुणवत्ता के भगवान ही मालिक है और तो और निर्माण कार्यो की धीमी गति के चलते हजारो लोगो को आने जाने में भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है, लेकिन इस ओर जिले आला अफसरो के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है और तो और प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अफसरों के पास इतना भी फुर्सत नही है कि वे अपने एसी लगे दफ्तर से निकलकर सडक निर्माण की निरीक्षण करने की जहमत उठा सके यदि सबंधित विभाग के अफसरों के द्वारा समय समय पर मानिटिरिंग किया जाता तो समय सीमा के भीतर सडक निर्माण कार्य कब का पुरा हो जाता लेकिन इस ओर कोई ध्यान देने वाला नही है जिसके कारण दर्जनो ग्रामो के हजारों लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है और जर्जर सडक के कारण आये दिनो दुर्घटनाये हो रही है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है, इन सडक निर्माण कार्यो में गुणवत्ता को दरकिनार कर नियम विपरित तो कार्य किया जा रहा है दुसरी ओर कुछआ की गति से चल रहे कार्य के कारण इसका लाभ लोगो को नही मिल रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा छोटे गांवो को बडे शहरों और नेशनल हाईवे से जोडने के साथ ग्रामीण ईलाको के लोगो को सुविधा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना प्रारंभ की गई है, ज्ञात हो कि मैनपुर विकासखण्ड के ध्रुर्वागुडी खोखमा से घुमरापदर तक 23.38 किलोमीटर सडक निर्माण के लिए राशि 1578.59 लाख रूपये स्वीकृति किया गया और यह कार्य प्रारंभ 07 जुलाई 2020 को प्रारंभ किया गया तथा इसे 22/11/2021 तक पूर्ण करना था सडक निर्माण कार्य पुरा करने की अवधि समाप्त हो चुकी है और दुसरा वर्ष प्रारंभ हो चुका है लेकिन अब तक यह सडक निर्माण कार्य पुरा नही हो पाया सडक निर्माण कार्य अधुरा है और तो और ध्रुर्वागुडी खोखमा से लेकर अमलीपदर तक सडक को जगह जगह से नव निर्माण के नाम पर खोद डाला गया है, बडे बडे गढ्ढे और बोल्डर पत्थर निकल गये है सडक में गढ्ढे हो गये इन गड्ढों में आये दिनो लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है इस सडक को पार कर प्रतिदिन हजारों लोगो का मैनपुर अमलीपदर, घुमरापदर, ओडिसा तक आना जाना लगा रहता है, लेकिन सडक निर्माण कार्य बेहद कछुआ गति से चल रहा है सडक निर्माण की धीमी गति को देखकर ऐसा लगाता है कि यह सडक निर्माण कार्य को पूर्ण होने में अभी और दो वर्ष का समय लगेगा लेकिन इस ओर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के जिला अफसरों का कोई ध्यान ही नही है, समय समय पर क्षेत्र के लोगो के द्वारा सडक निर्माण कार्य को पुरा कराने की मांग को लेकर गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत, और जिले के आला अफसरों से शिकायत किया जा चुका है लेकिन इस ओर सबंधित ठेकेदार तथा स्थानीय संबधित अधिकारी ध्यान नही दे रहे है, जिसके कारण इसका खामियाजा ग्रामीणो को भुगतना पड रहा है। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जनक ध्रुव ने कहां-आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने सड़क निर्माण कार्य के धीमी गति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुये कहा कि सडक निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण आये दिनो दुर्घटनाऐं हो रही है इस ओर संबधित ठेकेदार और अधिकारी का ध्यान नही है इस मामले को लेकर प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत से शिकायत करेंगे। जनक ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहाभाजपा मंडल गोहरापदर के अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी ने कहा कि सडक निर्माण कार्य बहुत निम्न स्तर का है और समय सीमा से भी अधिक समय गुजर गया है लेकिन प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अधिकारी और ठेकेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे है इस मामले को लेकर भाजपा आंदोलन करेगी ।

**गुरूनारायण तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोहरापदर**

शिक्षक हुए छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित शंकुलता फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड 2023 वृंदावन हाल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 4मार्च को संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राम सिंह ठाकुर जी मुख्य निर्वाचन आयुक्त विशिष्ट अतिथि श्रीमान नीलकंठ टेकाम आईएएस विशिष्ट अतिथि विजय कुमार अग्रवाल प्रशांत ठाकुर सत्य साईं अस्पताल श्रीरामजी पंजवानी श्रीमान अमर गुरनानी श्रीमती रत्ना नारमदेव की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कला साहित्य एवम शिक्षा से जुड़े महानुभावों को छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। विकासखंड मैनपुर के शिक्षक अनिल अवस्थी सहायक शिक्षक कन्या प्राथमिक शाला अमलीपदर, अवतार सिन्हा सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला चचरापारा, भुवेन्द्र कुमार साहू शिक्षक माध्यमिक शाला बिरीघाट को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवम शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्री भागीरथी नागेश, भूषण पांडे, श्री टीकम सिन्हा, वासुदेव नेताम, कमल किशोर ताम्रकार, मोती लाल दुर्गा ने बधाई दी है।

## आदिवासी ग्रामीण से रेंजर ने की मारपीट ग्रामीण हुए आक्रोशित उदंती सीतानदी कार्यालय का किया घेराव

संवाददाता हेमचंद नागेश



गरियाबंद। बीते 27 फरवरी को इंदा गांव परी क्षेत्र के डिप्टी रेंजर हेम सिंह ठाकुर एवं एक अन्य वन कर्मचारी के द्वारा एक अदिवासी ग्रामीण जो कि जंगल से लकड़ी लेकर लौट रहा था उसके साथ जबरदस्त मारपीट करने के प्रारण को लेकर पैर में गंभीर चोट आने से आज इंदा गांव क्षेत्र के सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण उदंती सीतानाडी अभ्यारण कार्यालय गरियाबंद पहुंचक र उसका बीते 2 घंटे से घेराव करके रखे हुए हैं ग्रामीणों की मांग है दिनांक 27.02.2023 समय रात्रि 9 से 9꞉30 बजे के बीच जिला गरियाबंद अंर्तगत उदंती अभ्यारण ग्राम इंदागांव में मंगल सिंह ध्रुव निवासी सुमाघाट विकास खण्ड मैनपुर अपने सादू के यहाँ पुराने सुखा लकड़ी के लिए गये थे कि वन परिक्षेत्र इंदागांव के रेंजर हेमसिंह ठाकुर व अन्य कर्मचारी की राड़ से पीट -पीट कर पैर को तोड़ डाले और जाति सूचक अश्लील शब्दों उपयोग कर गालिया किया गया उसके पुत्र परमेश्वर ध्रुव उम्र 13 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया मलग सिंह को मारने के बाद उन्हें जंगल में छोड़ दिया गया वनधिकारी, कर्मचारी के इस अमानवीकृत के कारण मंगल सिंह का जीवन बर्बाद हो गया है वनधिकारी को अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाना था किन्तु इन अदिवासी के उपर घोर अपराध किया हैं। उक्त कृत्यों के कारण पुरा अदिवासी समाज अपमानित एवं आक्रोशित हैं जिसके कारण समाज निम्नलिखित मांग करती हैं,हेमसिंह ठाकुर रेंजर को बर्खास्त कर अन्य कर्मचारीयों के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही करें । मंगलसिंह ध्रुव इस घटना से अपंग हो गया है, जिसका सम्पुर्ण ईलाज किया जा कर उन्हें आजीवन निर्वहन भत्ता प्रदान किया जावें । आदिवासी को प्रताड़ित करने एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के कारण रेंजर के विरूध्द अनुसुचित जनजाति धारा के अंतर्गत कार्यवाही किया जायें । नाबालिक परमेश्वर ध्रुव को जेल से रिहा किया जावें । अत꞉ माननीय महोदय जी से सादर अनुरोध हैं कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरूध्द उचित कार्यवाही करवाते हुऐ पीड़ित मंगलसिंह ध्रुव को न्याय दिलाया जाये।

## नारी अधिकार केंद्र का किया गया उद्घाटन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- दुर्गा सामुदायिक समिति विकासखंड खनियाधाना में विकास यात्रा के दौरान नारी अधिकार केंद्र का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें पात्रता, आजीविका, रोजगार और महिला अधिकारों आदि से जुड़े कार्यों पर नारी अधिकार केंद्र पर कार्य किए जाएंगे । उद्घाटन कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शंकर अमित पड़रिया के करकमलों द्वारा शुभारंभ किया गया। संकुल अध्यक्ष द्धारा गणमान्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया । साथ ही बैठक के दौरान माननीय जन प्रतिनिधि द्धारा नारी अधिकार केंद्र की अवधारणा को सराहा गया एवम दीदियो की समस्याओं का समाधान करने तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन प्रदान किया गया। इस दौरान समस्त कार्यालय स्टॉफ व संकुल की कार्यकारी समिति की दिदिया उपस्थित रही आजीविका मिशन विकासखंड प्रबंधक श्री जितेंद्र कुमार पटेल व युवा सलाहकार सोनू रजक के द्वारा उद्घाटन का आयोजन किया गया।

## मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने दी होली की बधाई एवं शुभकामनायें

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर



**शिवपुरी।** विकास के लिए समर्पित शिवपुरी विधायक एवं खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी अंचल के सभी निवासियों को होली के शुभ अवसर पर बधाई व हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की हैं। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि रंगों का त्योहार होली आपसी मेलजोल का त्योहार है। इस त्यौहार पर सामाजिक बुराइयों को दूर करने का निश्चय करना चाहिए और एक अच्छा सामाजिक वातावरण बनाने की शपथ लेनी चाहिये एवं इस त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें और आपसी मतभेद ईर्ष्या, द्वेष भुलाकर नये समाज के निर्माण में भागीदार बनने की अपनी भावना व्यक्त की है।

## शंकुलता फाउंडेशन द्वारा अचीवर्स अवार्ड 2023 राजधानी रायपुर में संपन्न



शिक्षक हुए छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित शंकुलता फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड 2023 वृंदावन हाल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 4 मार्च को संपन्न हुआ ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राम सिंह ठाकुर जी मुख्य निर्वाचन आयुक्त विशिष्ट अतिथि श्रीमान नीलकंठ टेकाम आईएएस विशिष्ट अतिथि विजय कुमार अग्रवाल प्रशांत ठाकुर सत्य साईं अस्पताल श्रीरामजी पंजवानी श्रीमान अमर गुरनानी श्रीमती रत्ना नारमदेव की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कला साहित्य एवम शिक्षा से जुड़े महानुभावों को छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। विकासखंड मैनपुर के शिक्षक अनिल अवस्थी सहायक शिक्षक कन्या प्राथमिक शाला अमलीपदर,अवतार सिन्हा सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला चचरापारा, भुवेन्द्र कुमार साहू शिक्षक माध्यमिक शाला बिरीघाट को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु छत्तीसगढ़ अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों को प्रमाण पत्र ,मोमेंटो एवम शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्री भागीरथी नागेश, भूषण पांडे, श्री टीकम सिन्हा, वासुदेव नेताम ,कमल किशोर ताम्रकार, मोती लाल दुर्गा ने बधाई दी है।



### नेशनल हाईवे 130 सी पर धूल के गुब्बार उड़ने से आमजन की हालत खराब है

# ग्रामीण श्वांस की बीमारियों की चपेट में आ गए हैं

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग।** लेकिन शासन प्रशासन के अधिकारी इतनी गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। हाइवे का आलम यह है, कि देवभोग से लेकर गोहरापदर तक सड़क के निर्माणाधीन होने के कारण धूल के गुब्बार वाहनों के टायरों से उड़ते रहते हैं जिस कारण हाइवे पर राहगीरो का चलना मुश्किल हो गया है। वहीं धूल के गुब्बारों से परेशान राहगीर भी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए नजर आ रहे है। राहगीरों के साथ ही दुपहिया वाहन चालकों की माने तो हाइवे पर धूल के गुब्बार के कारण दो माह से चलना मुश्किल हो गया है। कई बार नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। वहीं समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी भी रूचि नहीं ले रहे है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को बीमार होकर भुगतना पड़ रहा है। धूल के कारण वाहन चालकों को हो रहे हैं नेत्र रोग-हाइवे पर धूल के गुब्बार की हालत यह हो गई है कि वाहनों के टायरों से धिस धिस कर मिट्टी रज बन गई है। जिसके कारण हाइवे पर चलना मुश्किल हो गया है। अब हालत यह है कि वाहन ही नहीं हल्के हवा के झौंका से ही धूल का गुब्बार उड़ने लगता है, जो ग्रामीण राहगीरों को बीमार कर रहा है। जिसका अत्यधिक प्रभाव एलर्जी के तौर पर देखने मिल रहा है। मामले में देवभोग



बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार रेड्डी ने बताया कि धूल से एलर्जी, सर्दी खासी की बीमारी, दमा की बीमारी होने की संभावना बनी रहती है। वहीं नेत्र रोग होने की संभावना भी बने रहने की बात बीएमओ ने कही है। पानी का छिड़काव नहीं होने से हो रही परेशानी-निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी है कि पानी का निरंतर छिड़काव कर सड़क निर्माण में उठने वाले जानलेवा धूल से बचाव सुनिश्चित करे। लेकिन निर्माण एजेंसी पानी का छिड़काव ना कर आमजनों की परेशानी बड़ा रही है। वहीं हाईवे पर उठ रहा धूल कई गॉव के लोगों के जान से खिलवाड़ कर रहा है, प्रशासन के जिम्मेदार दावा कर रहे है कि निर्माणाधीन हाईवे पर पानी का छिड़काव करने ठेकेदार को निर्देशित किया जा रहा है। लेकिन हाईवे पर पानी का छिड़काव ना कर ठेकेदार खुलेआम प्रशासन के दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है, ऐसे में सवाल खड़ा होने लगा है कि क्या निर्माण एजेंसी के रसूख के आगे प्रशासन के लिए आमजनों की जिंदगी की कोई ड़ीमत नहीं है, आखिर विभाग में बैठे जिम्मेदारों के हाथ भी कार्रवाई करने से क्यों काँप रहे है। यह सवाल भी जिम्मेदार अधिकारियों को कटघरे में खड़ा करता है। पूर्व संसदीय सचिव ने घेरा-पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों पर ठेकेदार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। पूर्व विधायक ने कहा कि पहले तो नाली निर्माण के दौरान उसमें पानी नहीं डाला गया। उसके विषय में मैंने कलक्टर को अवगत करवाया, लेकिन इसके बाद भी ठेकेदार ने पानी की तराई करने में रूचि नहीं दिखाया, वहीं निर्माणाधीन सड़क में भी पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, विभाग के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन है। श्री मांझी ने कहा कि नेशनल हाईवे विभाग में चल रहे लापरवाही को लेकर जल्द ही वे केंद्र सरकार को पत्र लिखेंगे और किये जा रहे घटिया और स्तरहीन जाँच की मांग भी करेंगे।

## झरगांव राजगोंड ग्रुप सभापति श्री सत्यवान सिंह ने देश वासियों को दी होली पर्व शुभकामनाएं

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम झरगांव के राजगोंड ग्रुप सभापति श्री सत्यवान सिंह ने होली की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री सत्यवान सिंह ने होली की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है, होली के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मेरी कामना है कि रंगों का यह त्यौहार सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे। श्री सत्यवान सिंह होली के पर्व को सामाजिक सद्भाव और मेल मिलाप का जीवंत उदाहरण बताते हुए आगे कहा, बसंत ॠतु के आगमन का शुभ समाचार लेकर आने वाला रंगों का पर्व होली हमारे जीवन में खुशियां और उमंग लेकर आता है। यह पर्व सामाजिक सभदाव और



मेल मिलाप का जीवंत उदाहरण है। हर उम्र और हर वर्ग के बच्चे युवा पुरुष और महिलाएं पूरे उल्लास के साथ इस त्योहार को मनाते हैं। मेरी कामना है कि रंगों का यह त्यौहार सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को भी प्रबल बनाएं। देशभर में उत्साह और उमंग के साथ होली का पर्व मनाया जाता है इस अवसर पर विभिन्न राज्यों में अलग अलग तरीके से होली खेला जाता है होली को लेकर लोगों में उत्साह और खुशी की लहर छाई रहती हैं करुणा महामारी के बाद इस बार की होली लोगों के लिए बेहद ही खास होगी। होली से पहले कल रात को देशभर के विभिन्न इलाकों में होलिका दहन किया जाएगा यह पर्व सबके जीवन में खुशियों का रंग बरसाए सुख समृद्धि लाए एवं उत्साहवर्धक से अभी सिंचित करें यही कामना है।

## पीने की पानी के अव्यवस्था से परेशान हैं लोग

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

छुरा। नगर पंचायत छुरा के बाजार परिसर में लाखों रुपए की लागत से निर्मित वाटर एटीएम मशीन अब नगर पंचायत छुरा के सीमेंट रखने का काम आ रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी मशीन को ठीक कराने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मियां शुरू हो गई हैं पर अब तक अधिकारीगण मौन धारण किए हुए है। वहीं लोग नगर के बस स्टैंड में बोरिंग से निकल रहे गंदे पानी पीने यात्री मजबूर है। शासन प्रशासन के द्वारा जनहित में करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं। वहीं इस गंभीर समस्या को दूर करने शासन से इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य व समाजसेवी मनोज पटेल ने ध्यान आकर्षित करते हुए खराब मशीन को शीघ्र ठीक कराने की मांग की है।

## बूथ विस्तारक योजना पार्टी के लिये जीत का मंत्र जिला मंत्री शैलेंद्र गुर्जर



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ वेताल सिंह गौड़**

मौं भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं की अति महत्वपूर्ण कामकाजी मंडल कार्यसमिति की बैठक रेष्टहाउस पर आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला मंत्री सेलेन्द सिह गुर्जर एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरवार एंव पार्टी के बरिष्ट नेता कन्हैयालाल यादव रामजीलाल शर्मा जगत सिंह कुशबाह मुरारी लाल बाथम बीरेन्द यादव मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं के लिए बड़े गौरव की बात है कि हम सब एक राष्ट्रभक्त पार्टी से जुड़े हैं अब हम सब का कर्तव्य है कि अपनी पार्टी को मजबूती के लिए हम अपने अपने बूथ केंद्र को मजबूत करें। इसके लिए पार्टी द्वारा भूत विस्तारक योजना का द्वितीय चरण प्रारंभ किया जा रहा है एवं आगामी दिनों में पार्टी द्वारा शक्तिकेन्द्र पर बैठक सहित अन्य जो भी कार्यक्रम आए हैं उन्हें जोर-शोर से मनाएं एवं जन जन तक अपनी पार्टी की बात को पहुंचाएं । इसके साथ साथ बूथ केंद्र पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के मन की बात कार्यक्रम को महीने के अंतिम रविवार को जरूर सुनें ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के जिला मंत्री सेलेन्द सिंह गुर्जर ने कहा पार्टी संगठन ने आगामी दिनों में अलग-अलग मोर्चो के जो कार्यक्रम बनाए हैं उन कार्यक्रमों को हम सब लोगों को मिलकर अच्छी तरह से आयोजित करना है जिससे आम जनता तक एक अच्छा संदेश जाए । एवं मिशन 2023 की तैयारी में भी कार्यकर्ता अपनी पूरी शक्ति लगा दे । बूथ विस्तारक योजना का दूसरा चरण होली के बाद जो प्रारंभ हो रहा है उसमें हम सबको पूरी मेहनत के साथ काम करना है बूथ विस्तारक योजना एक तरह से पार्टी के लिए जीत का मंत्र है हमें केवल उचित लोगों का बूथ केंद्र पर चयन करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को भी हम सब लोगों को अपने अपने बूथ केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ देखना है हम सब कार्यकर्ताओं को बजट सत्र के दौरान राष्टपति द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण का बूथ केंद्र तक वाचन करना है एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार जन जन तक करना है। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राजू मिश्रा ने किया अंत में आभार प्रकट महामंत्री सुल्तान मौर्य ने किया बैठक में मुख्य रूप से जिला आइटी पटेल प्रभारी रामू कुशबाह युवा मौर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर किसान मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष पर्वत जादौंन महेंन्द परिहार अमजद खांन सोमबीर सिबहरे डां बेताल गोड धर्मेन्द राणा,पूरन संन्तोष यादव आगम जैंन कप्तान कुशबाह हरीशंकर भार्गव अबदेश श्रीबास राहुल गुर्जर ध्यानेन्द जाटव कोमल यादव सुनील गोयल बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकत र्ा मौजूद थे।

## शिवलिंग को खंडित करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

### मड़ियादो पुलिस कि सक्रियता के चलते घटना को अंजाम देने वाले आरोपी कि चंद घंटो में सुलझाई गुत्थी

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिले के मड़ियादो थाना अंतर्गत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। नदी के किनारे बनी शिवलिंग कि मड़िया एवं मूर्ति को सुबह असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ दिया गया था जिसकी सूचना मड़ियादो पुलिस को दी गई जिसको गंभीरता पूर्वक लेते हुये पुलिस ने शिवलिंग मूर्ति तोड़ने वाले का खुलासा मात्र 6 घंटे मे आरोपी का पर्दाफाश पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को कड़े निर्देश जारी किये गये थे निर्देशों को तत्परता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह एवं हटा एसडीओपी वीरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बृजेश पाण्डेय एवं थाना मड़ियादो की टीम द्वारा लगातार जाँच कर शिवलिंग मूर्ति तोड़ने की गुत्थी का पर्दाफास कर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी कड़ोरी पिता नत्थू बसोर उम्र 22 साल को घेरा बन्दी कर पकड़ा।

मड़ियादो पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बालिका छात्रावास के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिवजी की मूर्ति को तोड़ दिया है जिसकी सूचना की तस्दीक हेतु थाना मड़ियादो पुलिस अपनी टीम



के साथ घटना स्थल रवाना हुई एवं जो घटना बालिका छात्रावस के पास नदी किनारे बरगद के पेड़ के नीचे एक शंकर जी का मंदिर है जो मंदिर सेवकराम नामदेव ने वर्ष 2017 मे बनवाया था एवं मंदिर मे एक शंकर जी की पिंडी स्थापित की थी जिसमे सेवकराम नामदेव सुबह शाम पूजा करते थे व अन्य गांव के लोग भी जल चड़ाने जाते थे। 6 मार्च कि सुबह सेवकराम नामदेव मंदिर पूजा करने गये तो देखा की शंकर जी की मूर्ति पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर पटक दिया है। जिसमे पिंडी मे बने शेषनाग क्षतिग्रस्त हो गये है जिसमे मूर्ति खंडित हो गई है एवं सेवकराम नामदेव व अन्य गाँव वालो की धार्मिक भावना को आहत करने के उद्देश्य से मूर्ति को खंडित किया है एवं मंदिर को अपवित्र किया गया है। उक्त सूचना पर थाना मड़ियादो पुलिस टीम के लगातार प्रयास के पश्चात करीब 6 घंटे में आरोपी कड़ोरी उर्फ रामगोपाल पिता नत्थू बसोर उम्र 22 साल निवासी कन्याशाला के पीछे ग्राम मड़ियादो को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान आरोपी को पकड़ने में मड़ियादो थाना प्रभारी उनि बृजेश पाण्डेय, सउनि जगन्नाथ पटेल, सउनि ज्ञानी सीग, प्रआर रूपेशतिवारी, आर. इनद्रजीत, आर.अवनीश, कि सराहनीय भूमिका रही।

## कलेक्टर ने हायर सेकेण्डरी की चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

### हायर सेकेण्डरी की बोर्ड परीक्षा में कुल 16976 छात्र-छात्राओं में से 16173 उपस्थित रहे, 803 रहे अनुपस्थित, एक नकल प्रकरण दर्ज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने फिजिक्स, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेण्ड्री मिल्कट्रेड पोल्ट्रीफॉर्मिंग एण्ड फिसरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में शा. डाइट भिण्ड, शा.मा.वि. विक्रमपुरा, शा.उमावि क्रमांक 02, शा. कॉटनजीन क्रमांक 01, शा.मा.वि. एस.ए.एफ बटालियन भिण्ड परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। हायर सेकेण्डरी के फिजिक्स, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेण्ड्री मिल्कट्रेड पोल्ट्रीफॉर्मिंग एण्ड फिसरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास विषय की परीक्षा में कुल 16976 छात्र-छात्राओं में से 16173 उपस्थित रहे, 803 अनुपस्थित रहे, चौधरी रुस्तम सिंह डीएड कॉलेज भिण्ड में एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया।

## विकासखंड खनियांधाना में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम संपन्न

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी,** मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान प्रदेश के सभी जिलों में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का प्रथम आयोजन नरवर विकासखंड में हुआ एवं दूसरा आयोजन खनियाधाना विकासखंड के सीएम राइस स्कूल में गतदिवस किया गया, जिसमें जनपद पंचायत खनियाधाना के शासकीय सेवकों के अलावा शिक्षा विभाग एवं विद्यार्थियों और अशासकीय सदस्यों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी आनंदम टीम के सदस्य एवं प्रतिभागियों ने भी एक-एक दीपक प्रज्वलित करके किया गया। प्रेरक प्रार्थना गीत हमको मन की शक्ति देना आनंदम टीम एवं प्रतिभागियों ने सम्मिलित रूप से गाकर आनंद लिया। अल्पविराम का सामान्य परिचय मास्टर ट्रेनर एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अभय कुमार जैन ने दिया गया। इसके बाद परिचय सत्र के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों ने अपना अपना नाम और उनका कार्य जगत एवं उनकी खुद की पसंद का एक गाना/भजन गाकर सभी प्रतिभागियों ने ताली बजाकर खुशी जाहिर की।

कन्या महाविद्यालय शिवपुरी की प्राध्यापक डॉ.अनीता जैन ने आनंद और प्रसन्नता विषय पर प्रश्न देते हुए उनका चिंतन कराते हुए प्रतिभागियों को कुछ क्षण शांत समय देते हुए उनकी विचारों को समक्ष में साझा करवाया गया उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विषम परिस्थितियों में भी कैसे खुश रहा जा सकता है और इसकी सरल विधि भी बताई गई। प्रतिभागियों से बैलून बचाने की गतिविधि कराई गई, जिसमें कहां गया सभी को अपने-अपने बैलून बचाना है प्रतिभागियों को एक टूथपिक भी दी गई प्रतिभागियों ने इस संदेश को नहीं समझा कि अपना-अपना बैलून बचाना है। इसके स्थान पर उन्होंने दूसरों के बैलून फोड़



दिए। गतिविधि की अंत में मात्र 2 लोगों के बैलून सुरक्षित रह पाए और शेष लोगों ने आपस में बैलून नष्ट कर दिए अंत में इस संदेश को पहुंचाया गया कि व्यक्ति अपना अच्छा करने के स्थान पर दूसरों का बुरा करने पर उतारू हो जाता है। इस गतिविधि को मास्टर ट्रेनर रिजवाना खान ने व्यवस्थित संचालित किया। गतिविधि में प्रतिभागियों को अपनी-अपनी बचपन में पहुंचने का अवसर प्राप्त हुआ और सरलता के भाव को महसूस किया। मदद वीडियो का डिस्प्ले किया गया। आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर विजय जैन ने जीवन का लेखा जोखा दिखाने के लिए मदद से संबंधित दो प्रश्नों को देकर कुछ समय शांत रहने का मौका दिया शांत पलों के पश्चात प्रतिभागियों ने दूसरों से प्राप्त मदद और दी गई मदद का आकलन करवाया गया, जिससे उनकी अंदर कृतज्ञता का भाव महसूस हुआ। पश्चात लाइफ बैलेंस शीट का दूसरा पार्ट दूसरों को कष्ट देना और दूसरों से कष्ट प्राप्त होना,दो प्रश्नों को मास्टर ट्रेनर श्रीमती रिजवाना खान ने स्वयं की जीवन को दिखाते हुए कुछ समय इन प्रश्नों के साथ शांत रहने का मौका दिया पश्चात प्रतिभागियों ने अपने अपने विचारों को साझा किया। शिक्षक मित्र ने महसूस किया कि मैं लोगों को बहुत कष्ट देता हूं सभी उनसे दुखी रहते हैं और अनुभव को महसूस कर पाए। इस सत्र की उपलब्धि रही। विचारों की स्पष्टता का उनको बोध हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खनियाधाना राम प्रसाद गोरसिया ने सरलता के भावों के साथ आभार व्यक्त किया गया जिसमें राज्य आनंद संस्थान के इस अल्पविराम कार्यक्रम को उनके द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम का समापन एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल गीत को वीडियो पर दिखाते हुए, प्रतिभागियों ने गाते हुए, नृत्य करते हुए किया गया। दोपहर के भोजन, चाय और नाश्ते की व्यवस्था राज्य आनंद संस्थान द्वारा की गई एवं डायरी, पेन और फोल्डर की व्यवस्था जनपद पंचायत खनियाधाना द्वारा की गई। समस्त कार्यक्रम में उपस्थित 36 प्रतिभागियों, प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष व्यवस्था करने वाले लोगों का आभार संस्थान की आनंदम टीम द्वारा किया गया।

# आधी से ज़्यादा शहरी महिलाएं घरेलू काम में

**समाजः** 52 प्रतिशत से अधिक महिला उत्तरदाताओं ने घरेलू कामकाज में 5 घंटे से अधिक समय बिताती है।

निखिल रामपाल

साइंस डायरेक्ट की पत्रिका ट्रैवल बिहेवियर एंड सोसाइटी में शुक्रवार को प्रकाशित 'जेंडर गैप इन मोबिलिटी आउटसाइड होम इन अर्बन इंडिया' शीर्षक वाले पेपर के मुताबिक, शहरी भारत की लगभग आधी महिलाओं का कहना है कि वे एक बार भी अपने घरों से बाहर नहीं निकलीं। इससे महिलाओं की आवाजाही पर भी असर पड़ता है।

भारत में काम पर महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है, जिससे देश कई लैंगिक अंतर सूचकांकों में सबसे नीचे है। महिलाएं विशेष रूप से औद्योगिक और विनिर्माण नोकरियों में गायब हैं, जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। अगर महिलाएं काम पर मौजूद नहीं हैं तो वे कहां हैं? घर पर, एक नया अध्ययन यही कहता है। साइंस डायरेक्ट की पत्रिका ट्रैवल बिहेवियर एंड सोसाइटी में शुक्रवार को प्रकाशित 'जेंडर गैप इन मोबिलिटी आउटसाइड होम इन अर्बन इंडिया' शीर्षक वाले पेपर के मुताबिक, शहरी भारत की लगभग आधी महिलाओं का कहना है कि वे एक बार भी अपने घरों से बाहर नहीं निकलीं।

आईआईटी दिल्ली के ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च एंड इंजरी प्रिवेंशन सेंटर के राहुल गोयल द्वारा लिखे गए अध्ययन से यह भी पता चला है कि भारत में पुरुषों और महिलाओं के बीच गतिशीलता में व्यापक अंतर मौजूद है, जिसे वह दुनिया में 'दुर्लभ' बताते हैं।

यह अध्ययन समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) के 2019 दौर के निष्कर्षों पर आधारित है, जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने पूरे भारत में फैले 1.38 लाख से अधिक परिवारों को कवर



किया था। गोयल का अध्ययन शहरी भारत पर केंद्रित है, जिसके नमूनों में लगभग 84,207 महिलाएं और 88,914 पुरुष हैं।

TUS डेटासेट का उपयोग करते हुए, गोयल ने गतिशीलता दर की गणना की, जिसे उत्तरदाताओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है, जो अपने घरों के बाहर एक दिन में कम से कम एक यात्रा की रिपोर्ट करते हैं।

अध्ययन से पता चलता है कि एक सामान्य दिन में, केवल लगभग 47 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं ने दिन में कम से कम एक बार अपने घरों से बाहर निकलने की सूचना दी। इसका मतलब है कि करीब 53 फीसदी सामान्य दिन में एक बार भी बाहर नहीं निकले। दिन में कम से कम एक बार बाहर निकलने की सूचना देने वाले पुरुषों का अनुपात लगभग 87 प्रतिशत था, जिसका अर्थ है कि उनमें से बहुत कम संख्या में किसी दिन घर पर रहने की संभावना है।

अध्ययन में कहा गया है कि महिलाओं को अपने घरों से बाहर निकलने के लिए ठोस कारणों की आवश्यकता होती है, जो पुरुषों के लिए जरूरी नहीं है।उदाहरण के लिए, शिक्षा में नामांकित महिलाओं में, 81 प्रतिशत ने अपने घर के बाहर कम से कम एक यात्रा की सूचना दी थी। यह पुरुषों के लिए 90 फीसदी था। एक बार जब वे शिक्षा प्रणाली से बाहर हो जाते हैं, तो उनके घर से बाहर कदम रखने की संभावना रोजगार के परिणामों पर निर्भर करती है।

पुरुषों के लिए 92 प्रतिशत की तुलना में लगभग 81 प्रतिशत कामकाजी महिलाओं ने एक दिन में घर से बाहर कम से कम एक यात्रा की सूचना दी। लेकिन क्या होगा अगर एक महिला काम नहीं करती है? ऐसी महिलाओं में, जो न तो नौकरी करती हैं और न ही अब पढ़ती हैं, बमुश्किल 30 प्रतिशत किसी दिन यात्रा की रिपोर्ट करती हैं। इसका मतलब है कि ऐसी करीब 70 फीसदी महिलाएं दिन में एक बार भी बाहर नहीं निकलती हैं। दूसरी ओर, केवल 35 प्रतिशत 'काम नहीं करने वाले' पुरुष घरों में रहते हैं। यदि महिलाओं के काम न करने का प्रतिशत कम होता तो यह एक बड़ी समस्या नहीं होती, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## नई दुनिया की हकीकत

जी-20 उस दौर में बना था, जब अमेरिका दुनिया में एकमात्र ध्रुव था और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को अपने हितों के मुताबिक संचालित करने में वह सक्षम था। अब बात बदल चुकी है।

*नई दिल्ली में गुजरे हफ्ते हुई कूटनीतिक घटनाओं ने यह साफ कर दिया कि गुजरे दौर में बने मंच अप्रासंगिक हो रहे हैं। जबकि नए दौर में बने मंचों का प्रभाव बढ़ रहा है। सिर्फ विदेश मंत्रियों की जी-20 और क्वाड की बैठकों पर गौर करें, तो यह जाहिर हो जाता है। जी-20 के मंच पर कोई सार्थक बातचीत नहीं हो पाई। उलटे यह पश्चिमी देशों और रूस-चीन के लिए एक दूसरे को खरी-खोटी सुनाने का मौका बन कर रह गया। जबकि क्वाड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वाड) के विदेश मंत्रियों की बैठक में विचारों और मकसद की समानता नजर आई और यह बात उनकी तरफ से जारी साझा बयान में भी झलकी। इस अंतर का कारण यह है कि जी-20 उस दौर में बना था, जब अमेरिका दुनिया में एकमात्र ध्रुव था और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को अपने हितों के मुताबिक संचालित करने में वह सक्षम था। जी-20 अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मिल-जुल कर चलाने लिए बनाया गया था। इस अर्थव्यवस्था का स्वरूप पश्चिम प्रेरित भूमंडलीकरण था।*

*वह दौर अब गुजर चुका है। आर्थिक से लेकर कूटनीतिक गुटबंदी तक में अब दुनिया दो भागों में बंट रही है। क्वाड इस बंटती दुनिया में बना मंच है, जिसकी रणनीतिक दिशा स्पष्ट है। यही बात ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे समूहों पर भी लागू होती है। भारत की मुश्किल यह है कि वह इन दोनों ध्रुवों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका चाहता है। चूंकि दोनों गुट भारत की अहमियत को समझते हैं, इसलिए अब तक भारत की यह रणनीति कारगर रही है। लेकिन यह भूमिका खरहे के साथ दौड़ने और शिकारी कुत्ते के साथ मिल कर शिकार करने जैसी है, जिसकी एक सीमा होती है। जी-20 की मेजबानी करते हुए भारतीय अधिकारियों को जरूर इस बात का अहसास हुआ होगा। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अपील का कोई असर नहीं हुआ कि मौजूद देश असहमति को भूल कर सहमति के बिंदुओं पर आगे बढ़ें।*

## सब ताकत का खेल

अर्जेंटीना ने एकतरफा तौर फॉकलैंड संबंधी करार को रद्द कर दिया है। अर्जेंटीना का कदम सीधे तौर पर ब्रिटेन को चुनौती है। लेकिन ब्रिटेन की इस पर प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत नरम ही रही है। जाहिर है, यह बनी नई विश्व परिस्थितियों का असर है।

*अब तक दुनिया में समझौतों से एकतरफा ढंग से हटना पश्चिमी देशों (खास कर अमेरिका) का विशेषाधिकार समझा जाता था। लेकिन अभी पिछले महीने ही रूस ने परमाणु हथियारों के नियंत्रण की संधि न्यू स्टार्ट में अपनी भागीदारी को निलंबित करने का एकतरफा फैसला लिया। फिर ऐसा ही एक निर्णय अर्जेंटीना ने ले लिया। अर्जेंटीना का कदम सीधे तौर पर ब्रिटेन को चुनौती है। लेकिन ब्रिटेन की इस पर प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत नरम ही रही है। जाहिर है, यह बनी नई परिस्थितियों का असर है। आलोचकों ने कहा है कि संकटग्रस्त ब्रिटेन को अब दुनिया में एक कमजोर देश के रूप में देखा जा रहा है। इसका लाभ अर्जेंटीना ने उठाया है। अर्जेंटीना ने 2016 में फॉकलैंड द्वीपसमूहों को लेकर हुए करार को रद्द करने का फैसला किया है। फॉकलैंड को अर्जेंटीना में मालविनास द्वीप समूह के नाम से जाना जाता है। ब्रिटेन ने साल 1833 में इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिन पर हमेशा से अर्जेंटीना का दावा रहा है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर जबरन कब्जा कर लिया था, जिसको लेकर दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ, जिसमें अर्जेंटीना हार गया।*

*74 दिन तक चली उस लड़ाई में अर्जेंटीना के 649 और ब्रिटेन के 255 सैनिक मारे गए थे। 2016 में हुए समझौते में प्रावधान था कि दोनों देश द्वीप समूह की संप्रभुता पर अपनी राय-राय पर कायम रहते हुए भी ऊर्जा, जहाजरानी और मछली मारने जैसे कारोबार में सहयोग करेंगे। इस समझौते से हटने की औपचारिक जानकारी अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सांतियागो केफियेरो ने ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवर्ली को पिछले हफ्ते नई दिल्ली में दी। ये दोनों मंत्री नई दिल्ली में हुई जी-20 देशों की विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए थे। अब अर्जेंटीना सरकार ने मालविनास द्वीप समूह की संप्रभुता के बारे में बातचीत फिर शुरू करने की पेशकश ब्रिटेन के सामने रखी है। ब्रिटेन ने ऐसी बातचीत की संभावना को ठुकरा दिया है। क्लेवर्ली ने एक ट्विट में दावा किया कि फॉकलैंड द्वीपसमूह ब्रिटेन का हैं।*

**समाचार विश्लेषण :**

भूकंपग्रस्त इलाकों के बर्फीले तापमान की वजह से मलबे में फंसे लगों की रक्त नलिकाएं सिकुड जाती हैं। सिकुडी हुई नसें सुनिश्चित करती हैं कि त्वचा या हाथ-पैर के जरिए बेशकीमती शारीरिक ऊष्मा बाहर बिल्कुल न निकल पाए।

## होली के बहाने

## आया फागुन होली लाया, रंगों की फुहार लाया हर मन नाचे झूम झूमकर, गुजिया के संग भांग लाया, तू भी आ जा साजन मोरे हया का रंग गोरे गाल पे छाया

भावना ठाकर भावु बेंगलोर



होली आनंदोल्लास और रंगों का पर्व है। रंग, मस्ती, गुझिया, दही-पापड़ी और भांग के संग अपनों के साथ होली मनाने से त्योहार का मज़ा दुगना हो जाता है। पलाश के केसरिया फूलों संग प्रियतमा के गालों की तुलना आशिकों के मन में कविताएँ रचती है। शादीशुदा नये जोड़े पहली होली को यादगार बनाते नाचते, गाते, झूमते इस त्योहार का आनंद उठाते है। नाच-गाने, हँसी-मजाक, मौज-मस्ती करने व ईर्ष्या और राग द्वेष जैसे विचारों को तिलांजली देने का त्योहार है होली। फागुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएँ जुड़ी हुई है। पर आज हम बात करेंगे रंगने के बहाने लड़कियों से हो रही छेड़छाड़ और बदतमीड़ी कितनी जायज़। बुरा न मानो होली है इस उक्ति का कुछ लोग गलत इस्तेमाल करते रंगों के त्योहार पर इसकी आड़ में गलत फ़ायदा उठाने की कोशिश करते है। रंग लगाने के बहाने कुछ लोग लड़कियों के साथ छेड़खानी करते देखे जाते है। ऐसा करने वाले अक्ड़सर कोई अनजान नहीं होते बल्कि ज्यादातर पड़ोसी, दोस्त या रिश्तेदार ही होते है। इसी वजह से होली पर कुछ महिलाएं घर से बाहर निकलने में कतराती हैं। चाहते हुए भी होली पर होली खेलने से घबराती है। जबरदस्ती रंग लगाना, वल्गर शब्दों का इस्तेमाल या दुपट्टा खिंचने जैसी हरकतों से लड़कीयों को शर्मसार करते है। होली में सड़कों पर रंगों से पुते चेहरे वाले लड़कों की टोलियाँ निकल पड़ती है। इनका खौफ़ इतना होता है कि उनके पास से निकलने से हर कोई लड़की घबराती है। आजकल अच्छे रंगों का प्रयोग न करके रासायनिक लेपनों, नशे आदि का प्रयोग करके होली की गरिमा को लोग लुप्त कर रहे है। ये त्योहार बुराई पर अच्छाई कि जीत का है, पर कुछ लोग इसी त्योहार को बुरा बना देते है। लड़कियों के लिए ये त्योहार बदतमीज़ी, छेड़छाड़ और हिंसा का डर भी लेकर आता है। आजकल बड़े घरानों के लड़के लड़कियाँ शहर से बाहर फ़ार्म हाउस पर होली मनाने का आयोजन करते है, और ऐसे आयोजनों में भांग के साथ शराब और ड्रग्स भी शामिल होता है तो ज़ाहिर सी बात है! बच्चियों की सुरक्षा पर पश्नचिन्ह तो लगता है। होली पर महिलाओं को सावधानियाँ बरतनी चाहिए। ऐसे मनचले आवारा लड़कों से खुद ही सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि जश्न के माहौल और भांग के नशे में धुत लड़कों पर किसी का कमान नहीं होता। होली पर अकेले घर से बाहर न निकलें, परिवार के किसी सदस्य के साथ ही बाहर जाएं। होली पर किसी भी तरह के नशे से बचें और दोस्त-रिश्तेदार में से जिनके साथ आप सहज महसूस नहीं करते, उनके साथ होली खेलने से बचें। मना करने के बावजूद अगर कोई जबरदस्ती रंग लगाता है तो घर के किसी बड़े सदस्य से उनकी शिकायत करें। होली पर गले लगकर, रंग लगाकर ही शुभकामना देना जरूरी नहीं होता, सिर्फ़ हैपी होली बोलकर भी बधाई दी जा सकती है। ये त्योहार हँसी-खुशी, मौज-मस्ती और महिलाओं का सम्मान करते हुए मनाया जाना चाहिए, जिससे त्योहार की गरिमा बनी रहे।



अशोक 'प्रवृद्ध'

**वैदिक नवसस्येष्टि का प्रचलित नाम होली पड़ने का कारण यह है कि इस अवसर पर अर्थात फाल्गुन पूर्णिमा तक चना, गेहूँ, यव आदि अन्न अर्द्ध परिपक्व अवस्था में होता है, और उसकी बालों, टहनियों को जब आग में भुनते हैं, तो उसकी संज्ञा लोक में होला होती है। शब्द कल्पद्रुम के अनुसार जो अर्धपका अन्न आग में भूना जाता है, उसे संस्कृत में होलक कहते हैं और यही होलक शब्द हिन्दी भाषा में होला कहलाने लगा। तिनकों की अग्नि में भुने हुए अधपके शमीधान्य अर्थात फली वाले अन्न को होलक या होला कहते हैं।**

# होलकोत्सवः सभी के कल्याण की भावना

वसंत पंचमी के ठीक चालीस दिन बाद फ़ाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाने होली के पर्व को प्राचीन काल में वासंती नवसस्येष्टि पर्व के नाम से अभिहित किया जाता था। वासंती नवसस्येष्टि पर्व को शारदेय नवसस्येष्टि पर्व के नाम से भी जाना जाता था, जिसे भारत के ग्रामीण अंचलों में वर्तमान में नवाखानी, नवाखाई अथवा नवान्न ग्रहण भी कहते हैं। अन्य पर्वों से अधिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला होली का यह पर्व बसंत पंचमी से ही आरम्भ हो जाता है, और ढोल- नगाड़ों की ध्वनि के साथ फाग की राग आम जन के उल्लास को दूर -दूर तक प्रतिध्वनित कर अभिव्यक्त करने लगते हैं। होली पर्व के साथ अनेक कथाएं, मान्यताएं व परम्पराएँ जुडी हुई हैं, तथापि होली मनाने के कई कारणों में प्रमुख नवान्न ग्रहण परम्परा ही है। रबी की फ़सल खलिहान में आ जाने पर नवान्न ग्रहण किया जाता है।

होली के बाद जौ व गेहूं आदि की फसलों का कटना आरम्भ होने के कारण किसान अपनी परिश्रम व उससे उत्पन्न फसलोपज को देखकर प्रसन्न होता है, और वह ईश्वर का धन्यवाद करते हुए उसे उत्सव के रूप में मनाकर अपने परिवार व इष्ट मित्रों को भी प्रसन्नता प्रदान करने का प्रयास करता है। प्राचीन समय से इस अवसर पर गेहूं के नये दानों को अग्नि में तपा कर उनसे वृहद यज्ञों में आहुतियां देकर यज्ञ किये जाने की परिपाटी रही है। इससे ईश्वर का धन्यवाद ज्ञापन होता है, और इसके बाद अन्न का उपभोग करने में सुख व संतोष का अनुभव होता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि होली नवसस्येष्टि है। नव अर्थात नई, सस्य अर्थात फसल और इष्टि अर्थात यज्ञ। अर्थात यह नई फसल के आगमन पर किया जाने वाला यज्ञ है। इस समय फाल्गुन की फसल में गेहूँ, जौ, चना आदि का आगमन होता है। इनके अधभुने दाने को



संस्कृत में होलक और हिन्दी में होला कहते हैं।

वैदिक नवसस्येष्टि का प्रचलित नाम होली पड़ने का कारण यह है कि इस अवसर पर अर्थात फाल्गुन पूर्णिमा तक चना, गेहूँ, यव आदि अन्न अर्द्ध परिपक्व अवस्था में होता है, और उसकी बालों, टहनियों को जब आग में भुनते हैं, तो उसकी संज्ञा लोक में होला होती है। शब्द कल्पद्रुम के अनुसार जो अर्धपका अन्न आग में भूना जाता है, उसे संस्कृत में होलक कहते हैं और यही होलक शब्द हिन्दी भाषा में होला कहलाने लगा। तिनकों की अग्नि में भुने हुए अधपके शमीधान्य अर्थात फली वाले अन्न को होलक या होला कहते हैं। होला अल्पवात है और चर्बी, कफ एवं थकान के दोषों का शमन करता है।होली के अवसर पर वन-उपवन भी नवीन पत्तों व पुष्पों से नयनाभिराम प्रतीत होते हैं, और उपवनों में सुगन्ध आदि का वातावरण मन को सुख व आनन्द प्रदान करता है। प्रत्येक दृष्टि से उत्सव के अनुकूल इस समय वातावरण में न अधिक शीत और न ही अधिक उष्णता होती है। इस समय वनस्पति जगत अपने पूर्ण यौवन पर होता है एवं मनभावन प्रतीत होता है। ऐसे अवसर पर नवान्न के लिए ईश्वर की प्रशंसा और धन्यवाद ज्ञापन के लिए मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञाहुति के पश्चात इष्ट- मित्रों के साथ मिलकर उस नवान्न का ग्रहण उचित ही है। वसंत में रम्य से रम्यतर होता हुआ नयनाभिराम जगत जनता और अन्नदाता कृषक समूह के मन में मोद भर देता है।

इस अवसर पर होलक अर्थात अग्नि में भूने हुए अर्द्धपक्व अन्न की आहुतियां दी जाती हैं। इसे ही नवसस्येष्टि, होलकेष्टि व होलकोत्सव कहते हैं। यह होलकोत्सव जहां घर की अग्नि में आहुतियां देकर किया जाता है, वहीं सभ्याग्नि में सब की साझी आहुतियां देकर भी किया जाता है। जो अग्नि सभा की अर्थात सबकी साझी होती है, उसे सभ्याग्नि कहते हैं। इस यज्ञ के बाद घर में आने वाला अन्न ही हमारा खाद्य है। मनुष्य का अधिकार यज्ञशेष पर ही है, यज्ञवस्तु पर नहीं। श्रुतियों में कहा गया है कि अकेला खाने वाला केवल पाप खाता है – केवलाघो भवति केवलादी। इसलिए जहां नवागत अन्न को होम के द्वारा खाद्य बनाया जाता है, वहीं पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ व बलिवैश्वदेव द्वारा पहले खिलाकर तब ग्रहण किये जाने की परिपाटी है।अत्यन्त प्रचीन काल से मनाई जाने वाली इस वासन्ती नवसस्येष्टि यज्ञ परम्परा में समष्टि कल्याण ही प्रमुख है। समष्टि कल्याण का यह उद्देश्य किसी की भी कोई हानि न होने और सभी दूसरों का न्यूनाधिक लाभ होने से ही पूर्ण हो सकता है। अपने सुख को, आनन्द को अन्य दूसरों के साथ बाँटने की इस प्रकार की दृढ़ पद्धति का स्थापन आवश्यक है। कृषि प्रधान भारत देश में वसन्त के आगमन के साथ प्रकृति की मनोरम छटा चित्ताकर्षक, प्रफुल्लता दायिनी होती है। कृषक वर्ग का मन आह्लादित होता है, उसका रोम-रोम प्रफुल्लित होता है कि आज उसका पुरुषार्थ फलदायी सिद्ध हो रहा है। रबी की फसल तैयार है। उसका वह स्वयं भी उपभोग करेगा और उसका विक्रय कर जीवन की अन्य आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु धन अर्जित भी कर सकेगा। यह लाभ तो स्वयं के लिए और उसके परिवार के लिए है, परन्तु भारतीय परम्परा व प्रवृत्ति ऐसी है कि वह समष्टि को भी कुछांश प्रदान करने को तत्पर होता है, अपने सुख में पड़ोसियों को भी सम्मिलित करने को उद्यत रहता है।

उसे वेद-आज्ञा सदैव ही स्मरण है कि जो अकेला खाता है वह पाप खाता है। इसलिए वह अपने अर्जन को अवश्य बाँटता है। और बाँटने का सर्वश्रेष्ठ उपाय वेद में यज्ञ को ही बताया गया है। अग्नि के द्वारा बाँटने में यह विशेषता है कि किसी कारण से यज्ञकर्ता, हवन करने वाले व्यक्ति से मनोमालिन्य रखने वाले मनुष्यों तक भी उसकी हवि का अंश पहुँचता है। इसीलिए भारत में नवसस्येष्टि यज्ञ करने की यह प्राचीन परमपरा रही है। यही कारण है कि रबी की फसल आने पर भारत में वासन्ती तथा खरीफ की फसल आने पर शारदीय नवसस्येष्टि यज्ञ करने की वृहत परिपाटी रही है। और इस प्रकार त्याग की भावना से ओत-प्रोत हो बाँटने की प्रवृति का, परहित की भावना का विकसित रूप यह नवसस्येष्टि यज्ञ है। परहित चिन्तन ही सामाजिक संगठन की धुरी है। कुछ देकर ही हम किसी के हो सकते हैं। बिना दिये यह संभव नहीं। चुम्बक लोहे के टुकड़े को पहले अपना चुम्बकत्व का गुण प्रदान करता है, उसके बाद ही लोहे का टुकड़ा उसकी ओर आकर्षित होता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि हम जिससे प्रीति करते हैं, उसे ही कुछ देना चाहते हैं। प्रीति की अनुभूति हेतु द्वेष व अहंकार का परित्याग करना अपरिहार्य है। यह कोई साधारण कार्य नहीं है। अहंकार के विनाश के लिए दिन में दो बार तथा द्वेष के विनाश के लिए बारह बार परमात्मा की साक्षी में संकल्प करने के बाद भी मनुष्य द्वेष भाव को, अहंकार को छोड़ नहीं पाता। परन्तु ऐसा हो जाने पर मनुष्य प्राणी मात्र में आत्मीयता का अनुभव कर सकेगा। अहंकार को छोड़ने के लिए, उसे अप्रभावी बनाने के लिए क्षमाभाव का विकास करना आवश्यक है। यद्यपि त्याग और क्षमा में भी अहंकार प्रवेश करता दृष्टिगोचर होता है, तथापि इसका निरोध इदं न मम के यज्ञीय सूत्र द्वारा हो सकता है। दूसरों की भूलों को क्षमा करने की शक्ति विकसित कर लेने से बहुत सी समस्याएँ सुलझ सकती हैं। इससे समष्टि कल्याण की भावना को पूर्ण होने की आशा भी बलवती हो सकेगी। और इससे न तो किसी की भी कोई हानि होने की सम्भावना है, दूसरी ओर इसमें सभी का न्यूनाधिक लाभ होना निश्चितप्राय ही है। ऐसे में समष्टि कल्याण के उद्देश्य से अपने सुख को, आनन्द को अन्य दूसरों के साथ बाँटने की इस यज्ञीय दृढ़ पद्धति का स्थापन कर होलकोत्सव का आनन्द लेना ही श्रेयस्कर है।

# होलिकोत्सव सौहार्द एवं सतर्कतापूर्वक मनाएं: शैलेन्द्र सिंह चौहान

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पुलिस अधीक्षक ने होली को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए किये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं हुड़दंग करने पर होगी सख्त कार्यवाही, सोशल मीडिया पर असामाजिक तत्वों द्वारा वायरल की जाने वाली असत्य अफवाहों पर ध्यान न दें

भिण्ड । जिले में होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए भिण्ड पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने होली के त्यौहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस को निर्देश दिये हैं। हुड़दंगियों पर पुलिस की नजर रहेगी। जिला के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। होली पर्व के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के निर्देश दिये हैं। नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। पुलिस अधीक्षक श्री चौहान ने कहा कि ऐसे बदमाश जो अक्सर त्योहारों पर ही



बदमाशी करते हुए कानून व्यवस्था और शांति का माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारी ऐसे बदमाशों की लिस्ट को अपडेट करें। ऐसे बदमाशों के बारे में पूरी जानकारी रखते हुए उन पर सख्त कार्रवाई करें। इस तरह से उन्होंने थाना प्रभारियों को आगामी त्योहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बदनियती से हुड़दंग करने, किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता भी तैनात रहेगा। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे। सभी पीसीआर और डायल 100 को निर्देश दिए गए हैं,कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी, तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेंगे। बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकाले तो बाइक को तुरंत जब्त किया जाएगा। त्योहार पर कुछ शरारती और आपराधिक तत्व या शराबियों द्वारा रंगों की आड़ में पुरानी रंजिश निकालने की कोशिश करते हैं। इस प्रकार के शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं होली के दौरान स्पीड बाइकर्स पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर चौक-चौराहों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसपी श्री चौहान ने कहा कि कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का हर संभव सहयोग करें और किसी भी आपत्ति में पुलिस को तुरंत सूचित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर पर ध्यान ना दें, कोई भी गड़बड़ी होने पर तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। इसके अलावा नशे के कारोबारी की भी सूचना दें। होली पर इस प्रकार की हरकतें ना करें, अन्यथा आपके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है।

## भिण्ड पुलिस द्वारा होली पर्व के संबंध में एडवाईजरी

1. त्योहारों पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सख्ती रहेगी और पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। आमजनता से सहयोग की अपेक्षा है।
2. अवैध रूप से चंदा लेने वालों व शराब के नशे में गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।
3. शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जावेगी।
4. होटलों और ढाबों की लगातार चेकिंग की जाएगी। होटल ढाबों में बैठकर अवैध शराब परोसने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
5. मोटर साइकल के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज करने वालों की बाइक तत्काल जब्त कर कार्रवाई की जाएगी।
6. किसी को भी होली खेलने के लिए बाध्य न करें, राहगीरों पर गुलाल या पानी न फेंके।
7. गैरपारंपरिक जलसे जुलूस निकालने की मनाही है।

उलंघन करने पर धारा 188 के तहत की जावेगी।

8. सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक पोस्ट न करे। भिण्ड पुलिस सोशल मीडिया पर निरंतर नज़र बनाये हुए है।
9. पुलिस सहायता के लिए 100 नंबर अथवा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 07049120050 पर सम्पर्क करें ।

शराब पीकर वाहन न चलायें और न ही किसी को चलाने दें। मोटर साइकिल पर तीन सवारी बैठकर न चलें एवं अनियंत्रित गति से वाहन न चलाये, यातायात के नियमों का पालन करें गैरकानूनी गतिविधियों का हिस्सा ना बने, किसी के साथ अशिष्ट व्यवहार ना करें। किसी के ऊपर बिना रजामंदी के रंग न डालें और न ही हुड़दंग करें अगर ऐसा कोई करता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। फोन कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होली त्योहार के नाम पर किसी भी प्रकार के प्रलोभन ऑफर देने वाले हाइपरलिक/वेबलिंक्स / यूआरएल को न खोलें, ये आपकी निजी और वित्तीय जानकारियों को जानकर आपको जोखिम में डाल सकते हैं।

सोशल मीडिया पर आपतिजनक पोस्ट फारवर्ड शेयर ना करें।

किसी अप्रिय घटना के सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर तत्काल सूचना दें।

सोशल मीडिया पर असामाजिक तत्वों द्वारा वायरल की जाने वाली असत्य अफवाहों पर ध्यान न दें।

# विश्व महिला दिवस पर महिला उत्थान मंडल, बेंगलुरु की बहनों ने बापूजी की रिहाई की मांग की

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु।** पूज्य संत आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल, बेंगलुरु द्वारा 8 मार्च- विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला कमिश्नर व मजिस्ट्रेट को बापूजी की रिहाई के लिए ज्ञापन दिया गया । महिला समिति- बेंगलुरु के द्वारा यह संदेश दिया गया कि- लोकहित में अपना पूरा जीवन अर्पित करनेवाले संयममूर्ति ऐसे महापुरुष को षड्यंत्र के तहत झूठे आरोपों में फँसाया गया है। इन आरोपों को सिद्ध करने के लिए न्यायालय के पास एक भी सीधा प्रमाण नहीं है फिर भी पूज्य बापूजी को आजीवन कारावास की सजा दी गयी है। इसी प्रकार एक अन्य सुनियोजित षड्यंत्र के तहत दूसरे केस में अहमदाबाद की एक महिला को मोहरा बनाकर बापूजी को झूठा फँसाया गया है। लड़की के अलग-अलग बयानों में अनेकों विसंगतियाँ होते हुए भी 10 वर्ष से पूज्य बापूजी जेल की यातनाओं को सहते हुए प्रतीक्षारत हैं । लेकिन आखिर यहाँ के भी झूठे- बनावटी केस में बापूजी को आजीवन कारावास की सजा सुना दी गयी है। एक लड़की के सभी झूठे आरोपों को सत्य मानकर देश-विदेश की लाखों-लाखों महिलाओं की सच्ची आवाज को अनसुना किया जा रहा है ! आखिर क्यों ड़ उन्होंने कहा कि- ÷विश्व की 4 प्राचीन संस्कृतियों में से केवल भारतीय संस्कृति ही अब तक जीवित रह पायी है और इसका मूल कारण है कि संस्कृति के आधारस्तम्भ संत-महापुरुष समय-समय पर भारत-



भूमि पर अवतरित होते रहे हैं लेकिन आज निर्दोष संस्कृति रक्षक संतों को अंधे कानूनों के तहत फँसाया जा रहा है ।ज्ञापन में निर्दोष संतों पर हो रहे षड्यंत्र की भर्त्सना करते हुए महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि %संत श्री आशारामजी बापू ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किये हैं। महिलाओं में आत्मबल, आत्मविश्वास, साहस, संयम-सदाचार के गुणों को विकसित करने के लिए महिला उत्थान मंडलों का गठन किया है, जिससे जुड़कर कई महिलाएँ उन्नत हो रही हैं। बापूजी ने संस्कृति-रक्षा, संयम-सदाचार एवं ब्रह्मविद्या, गीता-भागवत के प्रचार-प्रसार में अपना पूरा जीवन अर्पित कर दिया। मातृ-पितृ पूजन दिवस, तुलसी पूजन दिवस, वसुधैव कुटुम्बकम् व सर्वेभवन्तु सुखिनः, असतोमा सद्गमयं जैसी लुप्त हो रही परम्पराओं को पुनः आरम्भ कर भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों को पुनर्जीवित किया है । अतः हम करोड़ों बहनें जो उनके समर्थन में खड़ी हैं, हमारी आवाज को क्यों नहीं सुना जा रहा है ड़ आजकल सोशल मीडिया पर जो लगातार ट्विटर ट्रेंड चलाये जा रहे हैं उनको भी नजरअंदाज किया जा रहा है । निर्दोष संत को 10 साल से जेल में रखना भारत देश में एक शर्मनाक कृत्य है । महिला समिति की बहनों ने बताया कि देश भर में महिला मंडल द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु चलें स्व की ओर... महिला शिविर का आयोजन, बेटी बचाओ अभियान, तेजस्विनी अभियान, आध्यात्मिक जागरण हेतु युवती एवं महिला संस्कार सभाएं, दिव्य-शिशु संस्कार अभियान, निःशुल्क चिकित्सा सेवा, चल चिकित्सा सेवा, मातृ-पितृ पूजन दिवस, कैदी उत्थान कार्यक्रम, घर-घर तुलसी लगाओ अभियान, गौ-संवर्धन व हर अमावस्या पर गरीबों में भंडारे, दीपावली पर दरिद्रनारायण सेवा आदि समाजोत्थान के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ये सारे दैवी सेवाकार्य संत आशारामजी बापू की प्रेरणा से चलाए जाते हैं ।

# विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल ने दिया मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । गत दिवस भोपाल में विकलांग बल के प्रदेश सचिव शिवराज उर्फ सौरभ बघेल ने मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, मप्र स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट . कॉपरेशन लि. के संचालक शैतान सिंह पाल के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के विकलांग जनों की समस्याओं के समाधान हेतु माँगे निम्लिखित बिंदुवर है।

(1) मध्यप्रदेश में विकलांग जन पेंशन जो अभी 600 रूपये है उसमें वृद्धि कर मासिक 3000 रूपये की जाये।

(2)मध्यप्रदेश की समस्त प्रतियोगी परीक्षायों में विकलांग जन को क्लालीफाई होने के लिए 50त्र को घटाकर 40प्रतिशत किया जाये।

(3)मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले मै विशेष निशक्तजन भर्ती कराई जाये।

(4)राष्ट्रीय स्तर पर खेलने बाले विकलांग खिलाडियों को सरकारी कार्यालयों में रोजगार दिया जाये।

(5)अभी संसद, विधानसभा एवं जिला पंचायतों में विकलांग जन की आवाज उठाने के लिये कोई नही है, इसलिये प्रत्येक स्तर के चुनाव में 5त्र आरक्षण विकलांग को दिया जाये।

(6)विकलांग जन अधिनियम 2016 की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी प्रत्येक छोटे बडे सरकारी एवं निजी कार्यालय में भेजकर अनिवार्य रूप प्रदर्शित की जाये ताकि इस कानून में विकलांगजनों दिए गए अधिकारों से अवगत हो सकें और उनका पालन कर सकें।

(7) जिस प्रकार अन्य दलों में विकलांग प्रकोष्ठ बने है इसी प्रकार बीजेपी पार्टी में भी विकलांग प्रकोष्ठ का गठन किया जाये।

# होली एवं शब ए बरात त्योहारों को देखते हुए शांति समिति की बैठक संपन्न

## एसडीओपी सौरभ कुमार ने गोहद थाने में ली शांति समिति की बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** 6 एवं 7 मार्च को होलिका दहन 7 मार्च को शब ए बरात 8 मार्च को होली की पड़वा 9 मार्च को भाई दूज आदि त्योहारों को देखते हुए थाना गोहद मैं शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें एसडीओपी सौरभ कुमार एवं थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा के द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों से सुझाव लिए गए तदोपरांत त्योहारों से संबंधित जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए इस दौरान थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहोर से नगर में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर एवं पार्षद गणों ने कहा कि 15 पोलों पर लगभग 70 प्वाइंटों पर सीसीटीवी कैमरा एवं 55-55 इंच की चार एलईडी डिस्प्ले लगाए जाने हैं जिसका टेंडर हो चुका है। जल्द ही ठेकेदार को कार्य स्वीकृति का पत्र दे दिया जाएगा। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे लगने का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों का नियंत्रण कच्छ भी गोहद थाने में ही होगा। त्योहारों के संबंध में



एसडीओपी सौरभ कुमार ने जनप्रतिनिधि एवं लोगों से सुझाव मांगे और अपील करते हुए कहा कि होली और शब ए बरात सभी भाई चारे के साथ मनाएं। गोहद नगर में 6 मार्च एवं 7 मार्च दोनों दिन होलिका दहन होगा, 8 मार्च को होली की पड़वा 9 मार्च को भाई दूज है इसके साथ ही 7 मार्च को ही मुस्लिम धर्म का सब ए कदर का त्यौहार है इसीलिए होली में कोई हुडदंग ना मचाए उन्होंने कहा कि परीक्षाएं चल रही हैं होली पर किसी प्रकार का कोई डीजे नहीं बजाया जाएगा यदि डीजे बजाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, सब इस्पेक्टर ध्यानेंद्र सिंह, आत्मदास भटनागर, पार्षद लखन गुर्जर, अकरम चौधरी, साबू खान, हसमत अली जितेंद्र प्रजापति, राहुल खुरासिया, बल्लू सैमर, अनिल भरद्वाज, बिहारी नागर, नाथू अग्रवाल, दिनेश भटेले, सौरभ गुप्ता, शहजाद खान, बल्लू टेंट वाले, पुष्पेंद्र गुर्जर, संजय पटेल, कालीचरण शुक्ला, रामवीर माहोर, बदन सिंह, राम अख्तियार, शाहरुख राइन आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री श्री 1008 स्वामी केशवानन्द महाराज रजपुरा धाम पर विकास की धारा



भिण्ड। लोधी समाज ने श्री श्री 1008 स्वामी केशवानन्द महाराज रजपुरा धाम पर समाज की सर्व सम्मति से समाज को समय के साथ विकास की धारा से जोड़कर चलने के लिए भिण्ड जिले के संपूर्ण समाज को एकत्रित कर जिले के नेतृत्व के लिए जिला अध्यक्ष श्री अजमेर सिंह नरवरिया एवं महिला जिला अध्यक्ष श्री मती शुसीला नरवरिया जी युवा जिला अध्यक्ष श्री चंद्रेश सिंह नरवरिया को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे, श्री सोवरन सिंह जी, श्री डा. महेश सिंह नरवरिया जी, महेंद्र सिंह जी, पंकज सिंह जी, सोमराज सिंह जी, समस्त लोधी समाज।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सचिवों, पटवारियों समन्वयक अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को चिन्हित करने एवं आवेदन लेने के लिए बालाघाट जिले में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में 06 मार्च को जनपद पंचायत वारासिवनी एवं लांजी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सचिवों, पटवारियों, समन्वयक अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जनपद पंचायत वारासिवनी एवं लांजी के सभा कक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में एसडीएम वारासिवनी के सी बोपचे, एसडीएम लांजी श्रीमती ज्योति ठाकुर, वारासिवनी जनपद सीईओ गौरीशंकर डेहरिया, लांजी जनपद सीईओ रंजीत ताराम, लांजी तहसीलदार सतीश चौधरी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सचिवों, पटवारियों, समन्वयक अधिकारियों को लाडली बहना योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 05 मार्च को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है।

# एफआरबी पायलट रवि त्रिपाठी ने पकड़ा छात्र चोर

## कोतवाली टीआई ने किया रवि त्रिपाठी को सम्मानित

**अनिल कुशवाहा प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी कोतवाली थाना क्षेत्र से है जहां पर हाल ही में शातिर बाइक चोरों का खुलासा हुआ है जिनके पास से 30 से अधिक मोटरसाइकिल बरामद हुई है मोटरसाइकिल चोरों में मास्टरमाइंड शिवकुमार को पकड़ने वाले डायल 100 के पायलट रवि त्रिपाठी ने अपने मुस्तैदी दिखाते हुए पकड़ा जिसको कोतवाली थाना क्षेत्र की पुलिस तलाश रही थी जब डायल हंड्रेड के पायलट रवि त्रिपाठी नजर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले मास्टरमाइंड पर पड़ी तो उसको तुरंत ही पकड़ लिया और पकड़ कर तुरंत कोतवाली में पहुंचा दिया जिस पर कोतवाली थाना के टीआई अमित भदौरिया ने पायलट रवि त्रिपाठी को बुलाकर सम्मानित किया और आगे से इसी प्रकार मुस्तैद रहने की सलाह दी। इस पर रवि त्रिपाठी ने कोतवाली प्रभारी अमित भदोरिया को धन्यवाद दिया।



# आपका काम ही आपका सबसे अच्छा पीआर है: यामी



बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गोतम ने साझा किया कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने में विश्वास करती हैं और यह भी कहा कि लोकप्रियता अच्छे काम पर निर्भर करती है और कहा कि काम आपका सबसे अच्छा पीआर है। उन्होंने ऐसा जवाब एक सोशल मीडिया यूजर को दिया जिसने उन्हें एक अच्छी पीआर एजेंसी किराए पर लेने की सलाह दी। यामी ने 'चांद के पार चलो', 'ये प्यार ना होगा कम' जैसे टीवी शो में काम किया और बाद में 'विक्की डोनर', 'बदलापुर', 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी फिल्मों में नजर आईं।

उन्हें 'ए थर्सडे' और 'लॉस्ट' में अपने प्रदर्शन के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। उनकी फिल्म 'दसवीं' को भी मिश्रित समीक्षाएं मिलीं। वह अक्षय कुमार के साथ अगली फिल्म 'ओएमजी2' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में एक ट्विटर यूजर ने एक्ट्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि करियर में बेहतर ग्रोथ के लिए उन्हें एक बेहतर पीआर एजेंसी की जरूरत है। प्रश्न के जवाब में यामी ने ट्वीट किया, मैं पीआर भारी गतिविधियों/ समीक्षाओं/ प्रवृत्तियों/ धारणाओं/ छवि आदि की शक्ति देखती हूं, जिस पर अभिनेता भरोसा कर रहे हैं।

# ओटीटी पर रिलीज होगी अर्जुन की 'कुत्ते'



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर की फिल्म 'कुत्ते' ओटीटी प्लेटफॉर्म 'नेटफ्लिक्स' पर रिलीज होगी। फिल्म 'कुत्ते' इस वर्ष सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, तब्बू, कोंकणा सेन शर्मा, राधिका मदान, कुमुद मिश्रा और शार्दुल भारद्वाज प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए।अब 'कुत्ते' ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। फिल्म कुत्ते 16 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

# 'चोर निकल के भागा' का ट्रेलर जारी



यामी गोतम और सनी कोशल अभिनीत स्ट्रीमिंग फिल्म 'चोर निकल के भागा' का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया। ट्रेलर में प्यार, त्याग और विश्वासघात जैसी भावनाएं हैं। यह फिल्म एक हाईजेक थ्रिलर है और यह उनके माध्यम से बुने गए रोमांस के साथ ढेर सारे एक्शन से भरपूर सिक्वेंस की पेशकश करती है। ट्रेलर में मुख्य किरदारों के एक रोमांटिक कपल से लेकर हाईजेक की योजना बनाने तक के सफर को दिखाया गया है। यामी एयर होस्टेस का किरदार निभा रही है। सनी का करेक्टर एक तेज-तर्रार बिनेसमेन का है जो हीरे को ट्रांसफर करने के लिए फ्लाइट लेता है, उनका सामना आतंकवादियों से होता है जो विमान को हाईजेक कर लेते हैं, जिससे चोरी की पूरी योजना खतरे में पड़ जाती है।



# मैं बिना सोचे-समझे ट्रेंड्स का पालन नहीं करती: चारुल मलिक

टीवी एंकर और अभिनेत्री चारुल मलिक ने अपने स्टाइल स्टेटमेंट और फेशन आइकॉन के बारे में बात की और साथ ही यह भी टिप्स दिए कि वॉर्डरोब का चुनाव करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। अभिनेत्री ने कहा कि डेनिम मेरा ऑल टाइम फेवरेट है। हालांकि, मुझे शॉर्ट स्कर्ट पहनने में मजा आता है क्योंकि ये मुझे हल्का और आरामदायक महसूस कराते हैं। मेरे शो, 'हप्पू की उलटन पलटन' में, मैं सभी वेस्टर्न आउटफिट पहनती हूं, जो मुझे एक ही समय में स्टाइलिश और आरामदायक लगते हैं।

जब उनसे पूछा गया कि वह ड्रेस या साड़ी पहनते समय वह किन बातों का ध्यान रखती हैं। इस पर जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं बिना सोचे-समझे ट्रेंड्स का पालन नहीं करती। इसके बजाय, मैं ऐसे कपड़ों का चयन करती हूं जो मेरे लिए उपयुक्त हों। ड्रेस पहनते समय, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह हमेशा अच्छी फॉर्म में हो। इसके अलावा, अगर आप बॉडीकॉन ड्रेस पहन रही हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपने सही इनर पहने हैं, ताकि आप असहज महसूस न करें। आगे कहा कि दोबारा साड़ी पहनते समय अपनी बॉडी के आकार के लिए उचित कपड़े का चयन करना महत्वपूर्ण है। हालांकि, मेरा मानना है कि साड़ी के साथ हील्स पहनना आवश्यक है क्योंकि यह आपको सुडोल लुक देता है और आपके बॉडी पोस्चर को बेहतर बनाता है। मेरा मानना है कि जब दिन के समय साड़ी पहनने की बात आती है तो हमें बहुत अधिक ब्लिंग पहनने से बचना चाहिए।

विचार पेज का शेष

# आधी से ज़्यादा शहरी महिलाएं घरेलू काम में

नमूना वितरण में, 61.9 प्रतिशत महिलाएं 'काम नहीं कर रहीं' श्रेणी में थीं, जबकि केवल 12.4 फीसदी पुरुष थे, और 11 फीसदी महिलाएं और 38 फीसदी पुरुष क्रमशः 'कामकाजी' श्रेणी में थे।



## क्या काम की वजह से महिलाएं घर में फंसी रहती हैं?

सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि भारतीय अपना समय केसे व्यतीत करते हैं। आंकड़ों से पता चला कि 52 प्रतिशत से अधिक महिला उत्तरदाताओं ने घरेलू कामकाज में 5 घंटे से अधिक समय बिताया। इन कामों में खाना बनाना, साफ-सफाई, घर की साज-सज्जा आदि खुद करना शामिल है। अवेतनिक श्रम पर इतना बड़ा समय खर्च करने वाले पुरुषों का हिस्सा सिर्फ 1.5 प्रतिशत था।

अध्ययन से पता चला कि जैसे-जैसे घर के काम करने में लगने वाला समय बढ़ता है, वैसे-वैसे महिलाओं के बाहर निकलने का प्रतिशत भी कम होता जाता है। लगभग 76 प्रतिशत महिलाएं एक दिन घर से बाहर यात्रा की रिपोर्ट करती हैं यदि वे घरेलू गतिविधियों को करने में समय नहीं लगाती हैं। यह केवल 31 प्रतिशत महिलाओं के घर से बाहर यात्रा की रिपोर्ट करने के लिए आता है, जो घर पर दैनिक अवेतनिक श्रम करने में 5 घंटे से अधिक खर्च करती हैं।

यहां भी हमारे बीच बहुत बड़ा लैंगिक अंतर है – क्योंकि बहुत कम पुरुषों (1.5 प्रतिशत) में से जो घरेलू गतिविधियों पर 5 घंटे से अधिक खर्च करते हैं – लगभग दो-तिहाई ने घर से बाहर कम से कम एक यात्रा की सूचना दी।अध्ययन में पाया गया कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों द्वारा घर का कोई भी काम करने की संभावना बहुत कम होती है।

दिप्रिंट द्वारा देखे गए डेटासेट से पता चलता है कि 25-44 आयु वर्ग की महिलाएं रोजाना लगभग 6 घंटे घरेलू कामों में लगाती हैं। पुरुषों के समान आयु वर्ग के लिए, यह सिर्फ 28.4 मिनट (या आधा घंटा) एक दिन है। सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि भारतीय अपना समय केसे व्यतीत करते हैं। आंकड़ों से पता चला कि 52 प्रतिशत से अधिक महिला उत्तरदाताओं ने घरेलू कामकाज में 5 घंटे से अधिक समय बिताया। इन कामों में खाना बनाना, साफ-सफाई, घर की साज-सज्जा आदि खुद करना शामिल है। अवेतनिक श्रम पर इतना बड़ा समय खर्च करने वाले पुरुषों का हिस्सा सिर्फ 1.5 प्रतिशत था।

अध्ययन से पता चला कि जैसे-जैसे घर के काम करने में लगने वाला समय बढ़ता है, वैसे-वैसे महिलाओं के बाहर निकलने का प्रतिशत भी कम होता जाता है। लगभग 76 प्रतिशत महिलाएं एक दिन घर से बाहर यात्रा की रिपोर्ट करती हैं यदि वे घरेलू गतिविधियों को करने में समय नहीं लगाती हैं। यह केवल 31 प्रतिशत महिलाओं के घर से बाहर यात्रा की रिपोर्ट करने के लिए आता है, जो घर पर दैनिक अवेतनिक श्रम करने में 5 घंटे से अधिक खर्च करती हैं।

यहां भी हमारे बीच बहुत बड़ा लैंगिक अंतर है – क्योंकि बहुत कम पुरुषों (1.5 प्रतिशत) में से जो घरेलू गतिविधियों पर 5 घंटे से अधिक खर्च करते हैं – लगभग दो-तिहाई ने घर से बाहर कम से कम एक यात्रा की सूचना दी।अध्ययन में पाया गया कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों द्वारा घर का कोई भी काम करने की संभावना बहुत कम होती है।डेटासेट से पता चलता है कि 25-44 आयु वर्ग की महिलाएं रोजाना लगभग 6 घंटे घरेलू कामों में लगाती हैं। पुरुषों के समान आयु वर्ग के लिए, यह सिर्फ 28.4 मिनट (या आधा घंटा) एक दिन है।

*(साभार- दिप्रिंट)*

बहुरंग

# अनुपम खेर ने दीपिका पादुकोण की सराहना की



बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को 12 मार्च को होने वाले आगामी 95वें अकादमी पुरस्कारों में प्रस्तुतकर्ताओं में से एक के रूप में नामित किया गया है। इसके लिए अनुपम खेर ने अपनी स्टूडेंट दीपिका पादुकोण की सराहना की है।

अनुपम खेर ने दीपिका की सराहना करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर दीपिका की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए एक खास नोट लिखा है। यह तस्वीर उस समय की है जब दीपिका ने उनके अभिनय स्कूल में दाखिला लिया था। अनुपम खेर ने लिखा, डियरेस्ट एट द रेट दीपिका पादुकोण। इस साल के ऑस्कर प्रेजेंटर्स में से एक होने पर बधाई।

दिलचस्प

# अक्षय कुमार-नोरा फतेही ने ऊं अंटावा पर किया डांस



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने नोरा फतेही के साथ सुपरहिट डांस नंबर ऊं अंटावा पर डांस किया है। अक्षय कुमार इन दिनों यूएस टूर पर हैं। वह अलग-अलग शहरों में लाइव परफॉर्मेंस देंगे। फिल्म पुष्पा में सामंथा रुथ प्रभु ने आटम सॉन्ग किया था- 'ऊं अंटावा' जो बेहद सुपरहिट साबित हुआ था। इसी गाने पर अक्षय कुमार और नोरा फतेही ने डांस किया है। अक्षय और नोरा दोनों ही अल्लू अर्जुन और सामंथा का हुक स्टेप फॉलो कर रहे हैं। अक्षय कुमार के साथ नोरा फतेही, सोनम बाजवा, मोनी रॉय और दिशा पाटनी भी टूर पर गयी हुयी है। 08 मार्च को डालास, 11 मार्च को ऑरलेंडो और 12 मार्च को ओकलेंड में उनकी लाइव परफॉर्मेंस होनी है।



# अमिताभ ने 'अंडरवर्ल्ड का कब्ज़ा' का ट्रेलर किया लॉन्च

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म 'अंडरवर्ल्ड का कब्जा' का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है।

अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया पर अंडरवर्ल्ड का कब्जा का हाई-वोल्टेज ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में फिल्म के एक्शन और दमदार डायलॉग्स की भरमार है। इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, उपेंद्र ने बताया, जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी, तो मैं अर्केश्वरा के जीवन से बहुत प्रभावित हुआ और मैंने इस पीरियड ड्रामा का हिस्सा बनने का फैसला किया। और एक्शन से भरपूर फिल्म का निर्देशन करने के लिए आर. चंद्रू से बेहतर कौन होगा? फिल्म में अरकेश्वर के रूप में दर्शकों द्वारा मेरी कहानी को सामने लाने का इंतजार नहीं कर सकता।

श्रिया सरन ने बताया, यह जानते हुए कि अंडरवर्ल्ड का कब्जा में उपेंद्र, किच्छा सुदीपा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं और फिल्म आर. चंद्रू द्वारा निर्देशित होने के कारण, किसी भी अभिनेत्री के लिए खुद को इतनी भव्य फिल्म से जोड़ना असंभव था। मुझे खुशी है कि मुझे अंडरवर्ल्ड का कब्जा जैसी फिल्म में काम करने का मोका मिला और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि दर्शक वास्तव में इस फिल्म को उतना ही पसंद करेंगे, जितना हमें इसमें काम करना पसंद है। किच्चा सुदीपा ने कहा, अच्छी कहानियों का हिस्सा बनना बहुत कम होता है और अंडरवर्ल्ड का कब्जा एक ऐसी कहानी है जो आपका ध्यान खींचती है और फिल्म के अंत तक आपको बांधे रखेगी। मैं बस इतना कह सकता हूं कि दर्शकों को हमारी फिल्म के साथ मनोरंजन का पूरा मजा मिल रहा है। निर्देशक आर. चंद्रू ने कहा, जिस समय से स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दिया गया था, मुझे पता था कि इसके लिए किसे कास्ट करना है और सौभाग्य से मुझे वे सभी मिल गए।

# सिंधिया की स्मृति में मैराथन 10 को आकर्षक नगद पुरस्कार मिलेंगे

**ग्वालियर।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की जंयती पर ग्वालियर में 10 मार्च को एक राष्ट्रीय मैराथन का आयोजन किया गया है। इस मैराथन में ग्वालियर-चंबल अंचल के अलावा देशभर से धावक भाग लेंगे। इसमें विभिन्न आकर्षक नगद पुरस्कार भी रखे गये हैं। मैराथन शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी। उक्त जानकारी आज मप्र के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि स्व. माधवराव सिंधिया की स्मृति में आयोजित इस मैराथन में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रूपये द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपये रखा गया है। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार रखे गये हैं। यह सभी पुरस्कार पुरूष एवं महिला वर्ग के लिए अलग अलग होंगे।

उर्जा मंत्री तोमर व भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने बताया कि 12 किलोमीटर की इस मैराथन में पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग का रूट अलग अलग रखा गया है। पुरूष वर्ग का मैराथन रूट




एमआईटीएस कालेज से गोले का मंदिर होते हुये बिरला नगर, हजीरा, किलागेट, सेवा नगर, फूलबाग, नदीगेट, इंदरगंज, अचलेश्वर मंदिर चौराहा होते हुये एमएलबी कालेज रहेगा। वहीं महिला वर्ग का रूट मेला गेट से एग्ररकल्चर कालेज, नया पुल, तानसेन रोड लोको, पडाव, फूलबाग होकर इंदरगंज व एमएलबी कालेज पर रहेगा। पुरूष वर्ग की मैराथन प्रातः साढे छह बजे से शुरू होगी जबकि महिला वर्ग की मैराथन प्रातः सात बजे से शुरू होगी। मैराथन के लिए विभिन्न टीमें बनाकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तोमर के अनुसार आवेदन फार्म सात मार्च तक ही लिये जायेंगे। मैराथन का आयोजन खेल युवा कल्याण विभाग, जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, आईटीएम यूनीवर्सिटी, जीवाजी क्लब, गूंज एफएम, ग्वालियर एमेच्योर ओलंपिक एसोसियेशन के सहयोग से आयोजित किया गया है। मैराथन में धावकों को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद विवेक शेजवलकर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी हरी झंडी दिखायेंगे। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, अरूण कुलश्रेष्ठ, किशन मुदगल, शिववीर सिंह भदौरिया, आदि मौजूद थे।



## सीवर लाइन हुई डेमेज, निगमायुक्त ने लगाई ठेकेदार को फटकार

**ग्वालियर।** सुरेश नगर थाटीपुर में सीवर लाइन जाम होने के कारण आमजनों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। पार्षद प्रमोद खरे ने सीवर लाइन की समस्या के बारे में नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल को सूचित किया। सूचना पर नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने सुरेश नगर का निरीक्षण किया और ठेकेदार को सीवर लाइन को डेमेज होने के बाद ठीक नहीं करने पर फटकार लगाई। सुरेश नगर में मुख्य सीवर लाइन ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य के दौरान डेमेज हो गई थी। इसके कारण सीवर लाइन का पानी सडक पर बह रहा था। सीवर लाइन की समस्या से आमजन परेशान थे इसकी सूचना मिलने पर नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पार्षद प्रमोद खरे, कार्यपालन यंत्री जागेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी सीवर संधारण राजेन्द्र भदौरिया एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। नगर निगम आयुक्त ने ठेकेदार और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीवर लाइन को ठीक कर उसकी पूरी सफाई कराई जाए। जिससे भविष्य में आमजनों को परेशानी का सामना नहीं करना पडे।

## नवीन राजस्व भवन में धरना, प्रदर्शन, जुलूस एवं आंदोलन पर प्रतिबंध

**ग्वालियर।** ग्वालियर में नवीन राजस्व परिसर में संचालित न्यायालयों, विभागों एवं कार्यालयों का कार्य सुचारू रूप से संचालन, शासकीय कर्मचारियों एवं आगुंतकों की जान-माल की सुरक्षा एवं लोक शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने लोकहित में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा है कि नवीन राजस्व भवन परिसर में राजनैतिक, गैर राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य घटनाओं आदि के विरोध में आयोजनकर्ता/आंदोलकारियों के किसी भी प्रकार के धरना, रैली, जुलूस, प्रदर्शन एवं किसी तरह के अन्य आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। राजनैतिक, गैर राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य घटनाओं आदि के विरोध में आयोजनकर्ता, आंदोलनकारी एवं किसी ज्वलंत समस्या के कारण उक्त परिसर में स्थित किसी भी कार्यालय में प्रवेश करना चाहते हैं तो उन्हें कारण सहित लिखित सूचना 48 घंटे पूर्व संभागीय आयुक्त ग्वालियर को देना होगी। जिसकी एक प्रति पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम एवं थाना प्रभारी को भी दी जाना आवश्यक होगी।



प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि लिखित सूचना उपरांत राजस्व भवन के मुख्य प्रवेश द्वार से अनुमति उपरांत ही संबंधित कार्यालय में अपनी मांग, समस्याओं के संबंध में चर्चा अथवा भेंट हेतु अधिकतम चार व्यक्ति का समूह प्रवेश कर सकेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की नारेबाजी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही राजस्व भवन में किसी भी प्रकार का हथियार (धारदार एवं अन्य लायसेंसी हथियार) धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंधात्मक आदेश माननीय न्यायाधिपतिगण, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, सुरक्षा एवं अन्य शासकीय कर्तव्य के समय ड्यूटी पर लगाए गए सुरक्षा बल एवं अर्द्धसैनिक बलों, विशिष्ट व्यक्तियों, अधिकारी की सुरक्षा हेतु लगाए गए पुलिस कर्मी एवं शासकीय बलों, बैंक गार्डों पर प्रभावशील नहीं होगा। जिला दण्डाधिकारी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ऐसे प्रदर्शनों की सूचना प्राप्त होने पर या अन्य सूचना तंत्र से जानकारी प्राप्त होने पर नवीन राजस्व भवन परिसर एवं उसके आगमन के रास्तों में उक्त आंदोलन में शामिल होने वाले आंदोलनकारियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त सुरक्षा बल, बैरीकेटिंग तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा संबंधित एसडीएम स्वयं अथवा अपने अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी कानून व्यवस्था की दृष्टि से लगाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय दंड विधान की धारा-188 एवं दण्डात्मक प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय होगा।

### भूपिंदर सिंह ने सीआरपीएफ के सीटीसी के आईजी का कार्यभार संभाला

ग्वालियर। पनिहार के समीप स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय (सीटीसी) के पुलिस महानिरीक्षक सह प्राचार्य का कार्यभार सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी भूपिंदर सिंह ने संभाल लिया है। मूलतः मुल्लापुर लुधियाना पंजाब के निवासी भूपिंदर सिंह वर्ष 1987 में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में शामिल हुए थे। अपने सेवाकाल के दौरान नक्सलवाद चरमपंथी क्षेत्रों के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों पंजाब, जम्मू-कश्मीर सहित देश के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े-बड़े ऑपरेशनों में भाग लिया है। संयुक्त राष्ट्र मिशन के अंतर्गत बोस्निया-हरजेगोविना में भी अपनी सेवाएँ देकर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिये आंतरित सुरक्षा पदक, संयुक्त राष्ट्र सेवा पदक, सराहनीय सेवा के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

## होलिका दहन के लिए लकड़ी के स्थान पर करें गोकाष्ठ का उपयोगः निगमायुक्त

**ग्वालियर।** होलिका दहन पर शहरवासी गाय के गोबर से बने गोकाष्ठों से होली जलाएं, इसके लिए नगर निगम की लालटिपारा गौशाला में अभी से तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। गौशाला में गोकाष्ठों को तैयार करने का कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक गौकाष्ठ तैयार कर शहरवासियों तक पहुंचाएं जा सके। नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने शहर के नागरिकों से आग्रह किया है कि होलिका दहन के लिए आमजन लकडियों का उपयोग करते हैं। इससे पर्यावरण का नुकसान होता है। पर्यावरण का सुरक्षित रखने एवं पेडों को बचाने के लिए नगर निगम की लालटिपारा गौशाला में गोकाष्ठ तैयार किए जा रहे हैं। प्रतिदिन करीब 500 किलो गोबर के गोकाष्ठों को बनाया जा रहा है। निगमायुक्त ने सभी शहरवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि शहर में जितने भी स्थान पर होलिका दहन हो वह केवल कंडो अथवा गौकाष्ठ से ही हो, इसमें पेड अथवा लकडियों का उपयोग न करें। साथ ही होलिका के नीचे मिटटी रखें जिससे सडक खराब न हो तथा होलिका के उपर कोई विद्युत आदि के तार न हों। इसके साथ ही होलिका यातायात में बाधक न हों। वहीं होलिका दहन के लिए नागरिक नगर निगम की लालटिपारा आदर्श गौशाला से कंडे अथवा गौकाष्ठ भी खरीद सकते हैं।



नगर निगम आयुक्त कन्याल ने बताया कि वर्तमान समय में लालटिपारा स्थित आदर्श गौशाला में करीब 7000 गाय हैं। प्रति गाय से एक दिन में लगभग 5 किलो गोबर मिलता है। इसमें से अधिकांश गोबर का उपयोग गोबर गैस एवं जैविक खाद तैयार करने में हो जाता है। इसके साथ ही बचे हुए गोबर से गौकाष्ठ तैयार किए जा रहे हैं। गौकाष्ठों के लिए रमेश कुशवाह के मोबाइल नंबर 9229567702 पर संपर्क कर सकते हैं।

## स्टाफ के भरोसे न रहकर अधिकारी व्यक्तिगत रूप से देखें सीएम हैल्पलाइन की शिकायतें : कलेक्टर

**ग्वालियर।** सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण पूरी गंभीरता के साथ करें। कार्यालयीन स्टाफ के भरोसे न रहकर संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर लॉगइन कर शिकायत देखें, शिकायतकर्ता से फोन पर चर्चा करें और संतुष्टि के साथ शिकायत का समाधान करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सभी विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने समय-सीमा वाले पत्रों का त्वरित निराकरण करने पर भी विशेष बल दिया।

सोमवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर सिंह ने विकास यात्रा के फॉलोअप पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी एसडीएम सहित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास यात्रा के दौरान दर्ज हुए आवेदनों एवं आमजनता द्वारा



रखी गई माँगों के समाधान की कार्रवाई प्रमुखता से की जाए। इसमें कोई देरी न हो। जिन गाँवों व वार्डों में अधिक संख्या में आवेदन व शिकायतें दर्ज हुई हैं वहाँ शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण कराया जाए। कलेक्टर ने सहरिया आदिवासी बहुल गाँवों में समस्याओं के निराकरण के लिये विशेष शिविर लगाने पर बल दिया। इसके अलावा एंटी माफिया अभियान, राशन वितरण व उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन सहित राज्य शासन के अन्य प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा भी बैठक में की गई। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के फॉर्म भरवाने के लिये हर गाँव व हर वार्ड में शिविर लगाए जाएँ। इसके लिये कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करें। शिविरों की तिथियों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ज्ञात हो लाड़ली बहना योजना के फॉर्म भरने का काम 25 मार्च से शुरू होगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी व एडीएम एच बी शर्मा सहित जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## सरकार ने अधोसंरचनागत विकास और जनकल्याण के लिये कारगर योजनायें बनाईंः मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अंचल में सड़क, पानी, बिजली, स्कूल व अस्पतालों की सुविधा मुहैया कराने के साथ-साथ जनकल्याण के लिये कारगर योजनायें बनाई हैं। इसी कड़ी में सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये ÷मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना÷ के रूप में क्रांतिकारी योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 23 से 60 वर्ष आयु वर्ग की बहनों के खातों में हर माह सरकार एक हजार रूपए पहुँचायेगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह सोमवार को जिले की जनपद पंचायत मुरार के लगभग आधा दर्जन गाँवों में विकास यात्रा लेकर पहुँचे थे। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने ग्राम वीरमपुर, चककेशवपुर, जग्गूपुरा, खुदरपुरा व सूरजपुरा में कुल मिलाकर लगभग 3 करोड़ 58 लाख



रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों में नल जल योजनायें, बहुप्रतीक्षित सड़कें, सामुदायिक भवन, सार्वजनिक चौपाल इत्यादि विकास कार्य शामिल हैं। विकास यात्रा के दौरान आयोजित हुईं सभाओं को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि माता व बहनों को अब मांगलिक अनुष्ठान, भाईयों के लिये राखी और मिठाईयाँ, पुत्रियों की विदाई तथा रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरत के लिये अब किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना शुरू कर महिलाओं के हित में क्रांतिकारी निर्णय लिया है। इस अवसर पर जनपद पंचायत मुरार के अध्यक्ष दिलराज सिंह किरार तथा सर्वश्री प्रेम सिंह राजपूत, राजेन्द्र पाल व रामनाथ राणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच व पंचायत राज संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे। साथ ही जनपद पंचायत मुरार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा व तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी विकास यात्रा में शामिल रहे।

## विश्व महिला दिवसः महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली शहर के यातायात की कमान

**ग्वालियर।** आगामी महिला दिवस को दृष्टिगत रखते हुए तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये गये निर्देषों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस की महिला पुलिसकर्मियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण/यातायात) मोती उररहमान के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न चौराहों की यातायात व्यवस्था की कमान संभाली। पुलिस अधीक्षक द्वारा राजमाता चैराहा व फूलबाग चौराहा पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाल रही महिला पुलिस कर्मियों की हौसला अफजाई की गई।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में छह मार्च को प्रदेशभर में महिला पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था संभालने संबंधी आदेश दिए गये थे। इस आदेष के पालन में ग्वालियर पुलिस की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शहर के व्यस्ततम मार्गों एवं चौराहों पर यातायात व्यवस्था को संभाला गया। इस मौके पर महिला पुलिस कर्मियों के सहयोग हेतु यातायात पुलिस का बल भी लगाया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर की गई इस पहल के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी ग्वालियर के सिटी सेंटर स्थित राजमाता चौराहा एवं फूलबाग चौराहे पर पहुंचकर वहां यातायात व्यवस्था संभाल रही महिला पुलिस कर्मियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हे सम्मान स्वरूप पौधे प्रदान किए तथा यातायात नियमों का पालन कर वाहन चला रही महिलाओं को भी पौधे दिये गये। इस दौरान एसपी ने कहा कि इस पहल के पीछे पुलिस मुख्यालय का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को ब?ाना है। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक (दक्षिण/यातायात) मोती उर रहमान, अति.



पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) ऋषिकेश मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश दण्डोतिया, अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पश्चिम) गजेन्द्र सिंह वर्धमान एवं सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध शिया के.एम. के अलावा पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे जिनके द्वारा भी यातायात व्यवस्था संभाल रही महिला पुलिस कर्मियों के कार्य की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष महिला दिवस के दिन होली का पर्व होने के कारण 6 मार्च को पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस द्वारा यह पहल की गई है। इस दौरान चैराहों व मुख्य मार्गों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों द्वारा यातायात नियमों का पालन कर वाहन चला रही महिलाओं को पौधे प्रदान किए जाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उनसे अपील की गई कि आप अपने परिजनों तथा आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों द्वारा बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को समझाइश दी गई और उनके द्वारा यातायात जागरूकता संबंधी पम्पलेट भी वाहन चालकों को वितरित किए। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा ग्वालियर के मुख्य मार्गों व चैराहों पर संभाली गई यातायात व्यवस्था के दौरान यातायात पुलिस के डीएसपी नरेश बाबू अन्नोटिया, विक्रम सिंह कनपुरिया, बैजनाथ प्रजापति सहित ग्वालियर पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478